तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

11 नगर निगम ने सरकारी जमीन पर बना दी दुकानें, अब...


12 चारपहिया वाहनों पर छूट पांच लाख की कार पर...


# दिन नहीं गिनेगा बोर्ड, बदली जुर्माने की शर्त, प्रति छात्र होगी वसूली, होनी थी चार करोड़ की कमाई, अब आधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्कूलों से ली जाने वाली जुर्माने की राशि को कम कर दिया गया है। यह जुर्माना स्कूलों से छात्रों के नाम तय समय-सीमा में नहीं भेजे जाने के कारण लिया जा रहा था। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं की तैयारी सत्र की शुरुआत से ही प्रारंभ कर दी जाती है। मार्च में होने वाली परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के नाम और उनसे संबंधित जानकारी स्कूलों से अगस्त अंत तक मांगी गई थी। तय वक्त तक जानकारी नहीं देने पर माशिम ने प्रतिदिन एक हजार की दर से जुर्माना निर्धारित किया था।

जुर्माने के साथ छात्रों की एंट्री के लिए 3 अक्टूबर से दोबारा पोर्टल खोले जाने का निर्णय लिया गया। प्रतिदन एक हजार जुर्माने की दर से स्कूलों को 25 से 30 हजार तक भरने पड़ते। प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या 1247 है, जो वर्तमान सत्र में तय समय-सीमा में छात्रों की जानकारी नहीं दे सके हैं। इस तरह से जुर्माने के रूप में लगभग 4 करोड़ रूपए माशिम को वसूलने थे। अब इस जुर्माने की राशि की गणना दिन के आधार पर ना होकर छात्र के आधार पर होगी। अर्थात प्रतिदिन एक हजार रुपए जुर्माना ना देकर प्रति छात्र एक हजार रुपए देने होंगे।

### स्कूलों ने किया था विरोध

व्यापक पैमाने पर स्कूलों द्वारा इस व्यवस्था का विरोध किया गया था। उनका कहना था कि उन्हें पूर्व में इस बात की सूचना नहीं दी गई कि देर से छात्रों के नाम भेजने पर भारी-भरकम जुर्माना लिया जाएगा। स्कूलों के साथ ही शिक्षक संघ ने भी इसका विरोध किया था। इसके अलावा माशिम को भी खत लिखकर जुर्माना घटाने की मांग गई थी। विभिन्न निजी विद्यालय प्रबंधन का कहना था कि छात्रों द्वारा तय वक्त पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण वे वक्त पर जानकारी नहीं दे सके थे। सूची में कई शासकीय विद्यालय भी शामिल थे। ऐसे में इस बात को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई थी कि शासकीय विद्यालय किस मद से जुर्माने की राशि भरेंगे।

### मार्च में होंगी दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं, इसके लिए तैयारियां प्रारंभ


- स्कूलों को अगस्त अंत तक भेजने थे छात्रों के नाम 1247 स्कूल चूके
- 3 अक्टूबर से जुर्माने के साथ एंट्री के लिए दोबारा खुलेगा पोर्टल




### ऑनलाइन सिस्टम अपडेट नहीं

माशिम द्वारा भले ही व्यवस्था बदल दी गई हो, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम अपडेट नहीं किया जा सका है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के अनुसार, संबंधित लिंक में जुर्माने की शुरुआती दर ही प्रदर्शित हो रही है। भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करते वक्त अंतिम चरणों में राशि कम होने की जानकारी मिल पा रही है। संघ ने इसमें भी सुधार की मांग की है।

## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

## दुर्गम इलाकों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने ले रहे खाट या कांवर का सहारा

# खाट पर मरीज...दुर्गम रास्तों के लिए बनी थी बाइक एंबुलेंस की योजना, पर इलाका सीमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राष्ट्रीय एंबुलेंस नीति के हिसाब से प्रदेश में पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है। बावजूद इसके वक्त पड़ने पर आम लोगों को एंबुलेंस की सुविधा सही समय पर नहीं मिल पा रही है। खासकर दुर्गम इलाकों के मरीजों को अस्पताल पहुंचाने खाट अथवा कांवर का सहारा लेना पड़ रहा है। कुछ साल पहले ऐसे पहुंचविहीन इलाकों में बाइक एंबुलेंस की योजना बनाई गई थी, जो सीमित जिलों में ही सिमटकर रह गई। सरगुजा में फिर एक छात्र के शव को खाट में ले जाने की घटना ने कई सवाल खड़ कर दिए हैं।

प्रदेश में पर्याप्त संख्या में निशुल्क सुविधा वाली एंबुलेंस मौजूद है। इसके अलावा जिला और मेडिकल कालेज स्तर पर भी मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जा रही है। शहरी इलाकों में आपात स्थिति होने पर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए समय पर एंबुलेंस पहुंच जाती है, मगर बस्तर और सरगुजा संभाग के सुदूर इलाकों में रहने वालों को इस जरूरी सुविधा के लिए अभी भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जानकार लोगों का तर्क है कि इसकी प्रमुख वजह भौगोलिक स्थिति है। कई गांव ऐसे स्थानों पर बसे हैं, जहां पहुंच मार्ग नहीं होने की वजह से बड़ी एंबुलेंस का पहुंचना संभव नहीं है। करीब दस साल पहले ऐसे पहुंचविहीन गांव के लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए बाइक एंबुलेंस चलाने की योजना बनाई गई थी। इसका विस्तार सभी सुदूर जिलों में नहीं हो पाया और ऐसे गांव के मरीज इलाज की खातिर खाट अथवा लकड़ी से बनाए गए कांवर जैसे अन्य साधनों पर निर्भर होकर रह गए।

### एक छात्र के शव को खाट में ले जाने की घटना ने खड़े किए कई सवाल




**ऐसे हुए मामले**

1. कुछ दिन पहले सरगुजा के लखनपुर ब्लाक के ग्राम घटोंन के पहुंच विहीन होने की वजह से अस्पताल में मृत मरीज को कांवर में लादकर 8 किमी. दूर गांव लाना पड़ा।
2. पिछले माह सुकमा जिले बेदरे बोडम पारा में सड़क नहीं होने की वजह से बीमार को 108 एंबुलेंस का स्टाफ खाट में लादकर 18 किमी. दूर एंबुलेंस तक पहुंचे।
3. सरगुजा के घटोन के एक छात्र की मौत के बाद शव को सात किमी खाट पर ले जाना पड़ा, इसकी वजह भी सड़क ही है। वहां तक गाड़ी नहीं पहुंच सकी।

### शिकायतें काफी कम

एंबुलेंस के सही समय पर किसी स्थान पर नहीं पहुंचने की शिकायत काफी कम है। दुर्गम और पहुंचविहीन इलाकों तक एंबुलेंस का जाना संभव नहीं होता ऐसे में मरीजों को वहां तक अन्य साधनों तक लाना पड़ता है। राज्य में दोनों योजनाओं के तहत पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है।
**- डॉ. डीके तुर्रे,** नोडल अफसर, 108-102 एंबुलेंस सेवा

### राज्य में 326 संजीवनी और 385 महतारी एक्सप्रेस

राज्य में घायलों को उपचार पहुंचाने के लिए अभी 326 संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाने ले जाने के 385 महतारी एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय एंबुलेंस नीति के हिसाब से राज्य में एक लाख लोगों के पीछे एक एंबुलेंस की सुविधा होनी चाहिए। इस हिसाब 108 सेवा के लिए पर्याप्त वाहन हैं। महतारी एक्सप्रेस के लिए 70 हजार मरीजों के पीछे एक एंबुलेंस की गाइडलाइन है, जबकि यहां अधिक संख्या में वाहन संचालित हो रहे हैं।

### बाइक एंबुलेंस जिला प्रशासन की व्यवस्था

पहुंचविहीन जिलों के लोगों को उपचार के लिए अस्पताल तक पहुंचाने के लिए बाइक एंबुलेंस का संचालन जिला प्रशासन के माध्यम से किया जाना है। प्रदेश के कुछ जिले जैसे बिलासपुर के कोंटा ब्लाक, कबीरधाम, नारायणपुर जिले में इसका संचालन किया जा रहा है। जरूरतों के हिसाब से इसका विस्तार अन्य जिलों में भी किए जाने की आवश्यकता है।

## गैंगस्टर अमन साहू और उसके गुर्गों के खिलाफ प्रोटक्शन वारंट


मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व फिरौती के लिए कारोबारी की कार में शूट आउट के मास्टर माइंड तथा झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू तथा उसके दो अन्य गुर्गे विक्रम सिंह तथा आकाश राय उर्फ मोनू के खिलाफ कोर्ट ने प्रोटक्शन वारंट जारी किया है। अमन तथा उसके गुर्गे वर्तमान में गिरडीह जेल में बंद हैं। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 14 अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर पेश करने आदेश जारी किया है।

- कोर्ट से पांच से छह बार जारी हो चुका है प्रोटक्शन वारंट

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक शूट आउट मामले में अमन साहू तथा उसके गुर्गों से पूछताछ करनी है। अमन तथा उसके साथी वर्तमान में झारखंड जेल में बंद हैं। इसीलिए उनको पूछताछ करने रायपुर लाने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि अमन साहू को प्रोटक्शन वारंट में रायपुर लाने स्थानीय पुलिस कोर्ट से पांच से छह बार प्रोटक्शन वारंट हासिल कर चुकी है, लेकिन अब तक अमन को रायपुर नहीं लाया जा सका है।

### जेल प्रशासन वर्चुअल पूछताछ करना चाहता है

पुलिस के मुताबिक गिरडीह जेल प्रशासन अमन साहू को प्रोटक्शन वारंट में देने के बजाय वर्चुअल पूछताछ करने कह रहा है। पुलिस के अनुसार शूट आउट मामले में अमन साहू तथा उसके गुर्गों से वर्चुअल पूछताछ संभव नहीं है। इसके लिए उनसे मैनुअल पूछताछ करना जरूरी है। इसीलिए अमन तथा उसके साथियों से पूछताछ करने रायपुर लाने कोर्ट से प्रोटक्शन वारंट जारी कराया जा रहा है।

### हर बार प्रोटक्शन वारंट में आने से बच रहा

अमन के खिलाफ झारखंड में दर्जनों मामले दर्ज हैं, उसकी हर दूसरे-तीसरे दिन झारखंड की अलग-अलग कोर्ट में वर्चुअल सुनवाई होती रहती है। इसके साथ ही अमन हार्डकोर अपराधी है। इस लिहाज से गिरडीह जेल प्रशासन अमन की पेशी तथा सुरक्षा का हवाला देकर अमन को प्रोटक्शन वारंट में भेजने से बचता है।

## खबर संक्षेप



### एक्सप्रेस-वे पर हादसा कार चालक की पिटाई

रायपुर। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे फुंडहर चौक में सोमवार को एक तेज रफ्तार कार के चालक ने सिग्नल में खड़ी चार कारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि किसी को चोट नहीं लगी। ईको स्पोर्ट्स कार के चालक ने तेलीबांधा से तेज रफ्तार कार चलाते हुए एक्सप्रेस-वे सिग्नल में कारों को ठोकर मार दी। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कार चालक की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ईको कार चालक को भीड़ से बचाकर थाने लाई।

### महादेव सट्टे के आरोपी न्यायिक रिमांड पर

रायपुर। महादेव सट्टा एप के आरोप में जेल भेजे गए निलंबित आरक्षक सहदेव, अमित, भारत तथा विश्वजीत चौधरी की न्यायिक रिमांड एक दिन के लिए कोर्ट ने बढ़ा दी है। चारों आरोपियों को सोमवार को ईओडब्लू की विशेष अदालत में पेश किया गया था। मंगलवार को ईओडब्ल्यू चारों के खिलाफ कोर्ट में पूरक चालान पेश कर सकती है।

## छलक रहे बांध, इसलिए दस के गेट अब तक खुले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून विदा होने वाला है। इस बार बारिश अच्छी रही, इसलिए बांध भी लबालब है। यही वजह है कि कई बांधों के गेट अब तक खुले हुए हैं। प्रदेश के 33 जिलों में केवल 5 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। ये जिले बेमेतरा, दुर्ग, जशपुर, सारंगढ़ व सरगुजा हैं।

- कई बांधों से नहरों में छोड़ा जा रहा पानी

वहीं राज्य के प्रमुख बांधों में जल भराव की स्थिति अच्छी होने के कारण बांधों से खरीफ फसलों के लिए सिंचाई का पानी मिलने में दिक्कत नहीं होगी। अभी गंगरेल, दुधावा, खारंग, कोडार, खरखरा सहित कई बांधों से पानी छोड़ा गया है। प्रदेश के एक दर्जन बड़े बांधों में इस साल जुलाई के अंतिम सप्ताह से हुई बारिश ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अब तक बारिश के आंकड़े

राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून से अब तक राज्य में 1166.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में अब तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2379 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। सरगुजा जिले में 634 मिमी, सूरजपुर में 1161 मिमी, बलरामपुर में 1734 मिमी, जशपुर में 1064 मिमी, कोरिया में 1127 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई।

### रायपुर जिले में 957 मिमी पानी

रायपुर जिले में 957 मिमी, बलौदाबाजार में 1188 मिमी, गरियाबंद में 1100 मिमी, महासमुंद में 970 मिमी, धमतरी में 1035 मिमी, बस्तर में 1272 मिमी, कोण्डागांव में 1207 मिमी, कांकेर में 1422 मिमी, नारायणपुर में 1465 मिमी, दंतेवाड़ा में 1522 मिमी और सुकमा जिले में 1676 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई। वहीं बलौदाबाजार में 931.5, गरियाबंद में 896.6, दुर्ग में 547.5 मिमी, राजनांदगांव में 894, वर्षा दर्ज की गई है।

## बादलों के कारण धूप से राहत शाम को कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छाए बादलों की वजह से आज शहर में कड़ी धूप से राहत मिली। शाम होने के बाद कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई, मगर उमस की स्थिति कम नहीं हुई। देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून एक बार फिर विदाई के मूड में आ गया है और दो से तीन दिन में एमपी और महाराष्ट्र से इसके लौटने के आसार बन रहे हैं।

- विदा होने के मूड में मानसून एमपी, महाराष्ट्र से एक दो दिन में

प्रदेश में मानसून की सक्रियता लगभग समाप्त हो चुकी है। राज्य में बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी का आगमन हो रहा है। तेज धूप के कारण यह नमी कहीं-कहीं बादल का रूप धरकर गरज-चमक के साथ थोड़ी मात्रा में बरस भी रहे हैं। सोमवार को शहर में काफी मात्रा में बादल छाए रहे और तेज धूप नहीं होने के कारण लोगों ने राहत महसूस की। शाम होते ही पीली रोशनी शहर में काफी देर तक बिखरी रही। इसके साथ ही कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी की स्थिति ▶▶|शेष पेज 11 पर

### उत्तर से शुष्क हवा खाड़ी से नमी

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी उत्तरी हिस्से से राज्य में शुष्क हवा आ रही है। वहीं बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा का प्रवेश हो रहा है। दोनों हवा का मिलन मध्य हिस्से में होने के आसार हैं। इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी अथवा हल्की बारिश हो सकती है।

*एसडीएम कोर्ट में धीमी गति से चल रही प्रकरण की सुनवाई से ग्रामीणों में नाराजगी*

## भाठागांव की 63 एकड़ जमीन कब्जे में, ग्रामीण ढूंढ रहे वंशावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित शामिलात चारागान की 63 एकड़ भूमि पर भू-माफिया का कब्जा का मामला फिर तूल पकड़ने लगा है। इस मामले को उजागर हुए कई माह बीत गए हैं। भाठागांव के ग्रामीणों ने कब्जा मुक्त कराने और भू- रिकार्ड में दर्ज 169 ग्रामीणों के नाम वापस जोड़ने की मांग को लेकर आंदोलन भी किया था। इस आंदोलन के बाद भूमि पर माफिया द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई थी, लेकिन जमीन कब्जे से मुक्त नहीं हो सकी है। इधर ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार के कहने पर भू-रिकार्ड में दर्ज किसानों की वंशावली ढूंढी जा रही है, वहीं दूसरी ओर एसडीएम का कहना है कि जितने किसानों के नाम पूर्व में दर्ज थे, उनके नाम वापस जोड़े जाएंगे।

भाठागांव में स्वामी आत्मानंद स्कूल से लगी 63 एकड़ भूमि के मामले की जांच एवं सुनवाई धीमी गति से चलने और भूमि पर माफिया ▶▶|शेष पेज 11 पर



### नवरात्रि के बाद बैठक में ग्रामीण बनाएंगे रणनीति

ग्रामीणों ने बताया कि नवरात्रि के बाद गांव में बैठक रखी जाएगी। इस बैठक में भूमि को माफिया के कब्जा से पूरी तरह मुक्त कराने और भूमि रिकार्ड से हटाए गए किसानों के नाम वापस जोड़ने प्रशासन पर दबाव बनाने की रणनीति बनाएंगे।

### वंशावली ढूंढने हमने नहीं कहा- पुराने सभी नाम जुड़ेंगे

भाठागांव चारागाह की जमीन का केस चल रहा है। सुनवाई पूरी होने के बाद ही प्रकरण का डिटेल देंगे। ग्रामीणों को वंशावली ढूंढने नहीं कहा गया है, जितने नाम पूर्व में दर्ज थे, उनके नाम वापस रिकार्ड में जोड़ेंगे।
**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम रायपुर

### जानकारी नहीं दी जा रही

ग्रामीणों ने बताया कि 67 एकड़ भूमि में दर्ज 169 किसानों के नाम गायब किए गए हैं। उनके आंदोलन के बाद क्षेत्र के तहसीलदार ने ग्रामीणों को पूर्व में दर्ज किसानों की वंशावली ढूंढकर लाने के लिए कहा था, ताकि उनके नाम वापस भू रिकार्ड में जोड़े जा सकें। तहसीलदार के कहने पर किसानों ने करीब 40 से 50 वंशावली के नाम भी ढूंढ लिए हैं। प्रकरण एसडीएम कोर्ट में है। ग्रामीणों का कहना है कि वंशावली ढूंढने के बाद उन्होंने एसडीएम से मुलाकात की थी, लेकिन उनके द्वारा कहा गया कि रिकार्ड में दर्ज सभी पुराने नाम जोड़े जाएंगे। इसके लिए वंशावली ढूंढने की जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें यह जानकारी नहीं दी जा रही है कि रिकार्ड में दर्ज किसानों के नाम क्या हैं।

## महादेव सट्टा की रकम से फिल्म निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ईडी ने कोर्ट में पेश पूरक चालान में दी जानकारी

महादेव सट्टे की रकम से फिल्म निर्माण कराए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में ईडी ने कोर्ट में पेश पूरक चालान में जानकारी दी है। ईडी द्वारा कोर्ट में पेश पूरक चालन के मुताबिक मुंबई के कुरैशी फिल्म प्रोडक्शन के फिल्मों में महादेव सट्टा एप की रकम निवेश की गई है।

ईडी द्वारा कोर्ट में पेश पूरक चालान में बताया गया है कि जिस फिल्म प्रोडक्शन में महादेव सट्टे की रकम से फिल्म निर्माण किया जा रहा था, वह फिल्म प्रोडक्शन दुबई में इवेंट मैनेजमेंट का कार्य करती है। इस फर्म ने फरवरी 2023 में यूएई में हुए महादेव सट्टा के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी में बॉलीवुड कलाकारों का स्टार नाइट शो का आयोजन किया था। उसके जरिए ही प्रोड्यूसरों को सट्टा के सिंडीकेट में शामिल लोगों द्वारा फिल्म कंपनी से जुड़े लोगों को फाइनेंस किया जाता था। सट्टा से प्राप्त ब्लैकमनी को व्हाइट करने के लिए रकम उपलब्ध कराई जा रही ▶▶|शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री की आज केंद्रीय मंत्री गोयल के साथ बैठक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने दिल्ली दौरे के दौरान मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक करेंगे। वे इसके पूर्व नोएडा के एक्सप्रेस भवन में आईडिया एक्सचेंज कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। शाम 7 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होकर 9 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

### शंकराचार्य से अमित ने लिया आशीर्वाद



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने सोमवार को देवपुरी, बोरियाकला, रायपुर स्थित शंकराचार्य आश्रम में जाकर राजधानी पहुंचे आदिगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की शांति, खुशहाली और तरक्की की कामना की।

### प्रमुख लोकायुक्त के पेंशन नियम में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रमुख लोकायुक्त को दी जाने वाली पेंशन के नियम में बदलाव किया है। छत्तीसगढ़ लोक आयोग अधिनियम, 2002 व उसकी धाराओं द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ प्रमुख लोकायुक्त एवं लोकायुक्त (सेवा की शर्तें) नियम, 2008 में अग्रतर संशोधन किया गया है। **अब हुआ ये संशोधन :** देय पेंशन के संबंध में प्रमुख लोकायुक्त को, प्रमुख लोकायुक्त के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए, उस दर पर पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

# नगरीय निकायों के अफसर-कर्मियों को पदोन्नति और समयमान वेतन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संचालनालय ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका और नगर पंचायतों को जारी निर्देश में कहा है कि नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को पदोन्नति एवं समयमान वेतन के संबंध में शासन द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए समय पर निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। दूसरी ओर राज्य सरकार के अधीन काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी बरसों से चार स्तरीय समयमान वेतन की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नहीं मिला है।

## शासकीय कर्मियों को चार स्तरीय समयमान वेतन की मांग

### यह है समयमान वेतन

समयमान वेतन उन कर्मचारियों-अधिकारियों को दिया जाता है जिनके प्रमोशन की अवधि पूरी होने के बाद भी शासन द्वारा प्रमोट नहीं किया जाता है। ऐसे कर्मचारी-अधिकारियों को प्रमोशन के उपरांत मिलने वाला वेतनमान बिना प्रमोशन प्राप्त हुए दिया जाता है। लिहाजा राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ये एक बड़ा मुद्दा है।

### सरकारी कर्मियों को अब तक नहीं मिला



### नगरीय प्रशासन ने संचालनालय से मंगाई जानकारी

इधर नगरीय प्रशासन विभाग के सूत्रों का कहना है कि राज्य के नगरीय निकायों में अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हो पाई है। इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने राज्य के सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों से संभागवार यह जानकारी भी मंगाई है कि निकायों में पदोन्नति के कितने मामले लंबित है। जिन लोगों को पदोन्नति नहीं मिली उनके बारे में भी ब्योरा मंगाया गया है।

### शासकीय कर्मियों को नहीं मिल रहा समयमान वेतन

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवक लंबे समय से चार स्तरीय समयमान वेतनमान की मांग कर रहे हैं। लेकिन ये मांग पूरी नहीं हुई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कुछ समय पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग रखी थी। शासकीय सेवकों को उनके पूर्ण शासकीय सेवाकाल में 3 उच्च वेतनमान का लाभ उपलब्ध कराने के प्रावधान हैं। इसके अनुसार 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने के उपरांत तृतीय समयमान वेतनमान देय किया गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से हम क्रमशः 8 वर्ष, 16 वर्ष, 24 वर्ष व 30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने का अनुरोध कर रहे हैं।

## प्रदेश में बनाने हैं 60 लाख सदस्य, अब तक बने 35 लाख

# भाजपा सदस्य बनाने अब गरबा और दुर्गा पंडालों की शरण में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा का पूरे राज्य में सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। इस अभियान के दूसरे चरण में अब धार्मिक आयोजन, सामाजिक संस्थाओं के साथ हर वर्ग पर फोकस किया जा रहा है। इस समय नवरात्रि का पर्व चल रहा है, ऐसे में राजधानी रायपुर में सदस्य बनाने के लिए भाजपा नेता गरबा और दुर्गा पंडालों में भी पहुंच रहे हैं। भाजपा ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें से 35 लाख सदस्य बन गए हैं। अब भी भाजपा लक्ष्य से 25 लाख दूर है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा।

भाजपा ने देश भर में सदस्य बनाने का सिलसिला 2 सितंबर से प्रारंभ किया है। प्रदेश में तीन सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्य बनाने के बाद 6 सितंबर से बूथों में सदस्य बनाने का अभियान चला। इसके बाद अब दूसरे चरण में तीन अक्टूबर से जो अभियान प्रारंभ किया गया है, उसमें व्यापारियों, वकील, डॉक्टर, सीए, विद्यार्थियों, युवा, नौकरी पेशा, महिलाओं सहित हर वर्ग के लोगों को सदस्य बनाने का काम किया जा रहा है।

### रायपुर का लक्ष्य एक लाख बढ़ा

रायपुर को पहले तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जब प्रदेश संगठन का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया तो रायपुर के लक्ष्य में भी एक लाख का इजाफा किया गया है। ज्यादातर जिलों का लक्ष्य 20 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन रायपुर सहित बड़े जिलों का लक्ष्य 30 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ाया गया है।

### गरबा में पहुंचे पवन साय

राजधानी रायपुर में भाजपा के नेता सदस्य बनाने के लिए गरबा में भी जा रहे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मीडिया विभाग के प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता गरबा में भाजपा के सदस्य बनाने के लिए पहुंचे। यहां पर कई लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। इसी तरह से शहर के अलग-अलग हिस्सों में भाजपा नेता सदस्य बनाने जा रहे हैं। गरबा में पंडाल लगाकर भाजपा के सदस्य बनाने का काम हो रहा है।

# भूपेश बोले- सरकार अपनी विफलता का बदला पूरे गांव से ले रही, क्या सभी को फांसी दिलाना चाहती है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कवर्धा जिले के लोहारीडीह में हुई घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में उन सभी 167 आरोपियों के नामों का खुलासा किया, जिनके खिलाफ आगजनी, हत्या और मॉब लिंचिंग के आरोप हैं। उन्होंने, सवाल उठाया कि क्या भाजपा की सरकार इन सभी को फांसी की सजा दिलाना चाहती है? सरकार ने अपनी विफलता का बदला पूरे गांव से लिया। उन्होंने आरोपियों के नामों का खुलासा करते हुए कहा, देश में भारतीय न्याय संहिता लागू करने के बाद संभवतः यह पहली घटना है, जिसमे मॉब लिंचिंग की धारा लगाई गई है। इसके अलावा हत्या, दंगा, घातक हथियार से हमला सहित कई आरोप हैं।

राजीवभवन में संवाददाताओं से चर्चा में श्री बघेल ने कहा, पिछले दिनों सरकार से 5 सवाल पूछे थे, उनका जवाब फिलहाल नहीं मिला है। उन्होंने इस बार सवाल उठाया है कि केवल एक शख्स मृतक रघुनाथ के पुत्र विनोद साहू की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने 167 लोगों का नाम एफआईआर में कैसे दर्ज कर लिया? क्या सरकार इन सभी आरोपियों को फांसी की सजा दिलाना चाहती है? उन्होंने बताया कि हत्या और मॉब लिंचिंग की धाराओं में फांसी या उम्रकैद की सजा निर्धारित है। इतनी गंभीर धाराएं आखिर इतने लोगों के खिलाफ बिना विवेचना के कैसे दर्ज कर ली गई? उन्होंने कहा, ऐसा करने से पहले गांव वालों का भी बयान लिया जाना था। जिन्हे पकड़ा गया उनमे से कुछ लोग एमपी गए थे, कुछ हैदराबाद से लौटे थे, वहीं घटना के बाद कुछ लोग परिजनों से मिलने गांव आये थे।

### डर के मारे नहीं आ रहे हैं गांव

उन्होंने कहा, पुलिस ने आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किये हैं, जिसके कारण कई ग्रामीण घर नहीं लौट रहे हैं। पुलिस ने अब तक 67 लोगों को ही गिरफ्तार किया है। इनमें भी ऐसे लोग शामिल हैं, जिनके घटना में शामिल नहीं होने के बाकायदा साक्ष्य हैं। ऐसे में पुलिस की जांच के त्रुटिपूर्ण होने का खुलासा होता है। क्या सरकार इन तथ्यों से सहमति रखती है? उन्होंने सवाल दुहराया कि क्या सरकार इस मामले की दोबारा विवेचना कराएगी? उन्होंने कहा, पुलिस ने रातोंरात घरों के दरवाजे तोड़कर ग्रामीणों को गिरफ्तार किया, थाने में पिटाई की और देर रात उन्हें जेल में ट्रांसफर कर दिया।

### दंडाधिकारी जांच के बिंदुओं का खुलासा करें

उन्होंने एफआईआर के आधार पर यह भी बताया कि आरोपियों में किस जाति के कितने लोग शामिल हैं। इनमें साहू समाज के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। उन्होंने यह भी पूछा है कि सरकार कचरू साहू के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम कराएगी या नहीं। जिस आईपीएस अधिकारी का निलंबन किया गया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है या नहीं? उन्होंने मामले की दंडाधिकारी जांच के बिंदुओं का भी खुलासा करने को कहा है।

**बैज ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह घटना के पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह इस गंभीर घटना को दबाने और डाइवर्ट करने की कोशिश कर रही है।

### अहिल्याबाई में थी दूरदर्शिता, पर्यावरण के साथ जीव-जंतुओं की चिंता भी



**रायपुर।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की शौर्य गाथा जितनी प्रेरणादायी है, उनकी दूरदर्शिता भी उतनी ही आत्मसात करने योग्य है। रानी अहिल्या भगवान शिव की भक्त थीं। पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजा-अर्चना के बाद तालाब और नदियों में विर्सजन में भी उनका दृष्टिकोण नजर आता है। शिवलिंग में चढ़े अक्षत (चावल) व अन्य अन्न के दाने तालाब में प्रवाहित करने पर तालाब के जलचर जीव- जंतु उसे अपना आहार बनाते हैं। वहीं अगर दाने तालाब के किनारे पहुंच गए और अंकुरित हो गए तो पेड़-पौधे के पत्ते झड़कर जमीन में गिरेंगे और यह मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाएंगे।
इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने प्राथमिक और माध्यमिक शाला देवपुरी में आयोजित अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य में कई तीर्थ स्थानों के साथ ही कई मंदिर, घाट, कुएं, बावड़ियां बनवाईं। अहिल्याबाई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्री साहू, शिक्षिका ऋचा देवांगन, ममता देवांगन, जीवनलता मिंज, मंजू दुबे और 250 से अधिक बच्चे उपस्थित रहे।

# सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता बढ़ाने डिपो और गोदाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री का है प्रस्ताव
- संचालक मंडल ने प्रस्ताव को दी है मंजूरी

सरगुजा संभाग में वाइन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं आसपास के जिलों में स्टाक उपलब्धता के लिए मनेंद्रगढ़ में ब्रेवरेज डिपो या गोदाम के संचालन को सहमति प्रदान दी गई है। इसके साथ ही मनेन्द्रगढ़ में ब्रेवरेज गोदाम खुलने से गौरेला पेंड्रा मरवाही, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, कोरिया और सूरजपुर जिलों की वाइन दुकानों के लिए स्टाक का स्टोरेज किया जाएगा। ब्रेवरेज कार्पोरेशन के संचालक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में कार्पोरेशन के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता के संबंध में प्रस्ताव रखा था, जिस पर संचालक मंडल ने सहमति दी। छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेजेस कार्पोरेशन के संचालक मंडल की बैठक रायपुर के आबकारी भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। संचालक मंडल की इस बैठक में ब्रेवरेज कारपोरेशन के विभिन्न एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम 21 अगस्त को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वित्तीय विवरणों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा दुर्ग एवं बिलासपुर के गोदामों में हाउस कीपिंग कार्य के लिए निविदा जारी करने कार्य का अनुमोदन किया गया, साथ ही अरसनारा-दुर्ग गोदाम के लिए एक जेनरेटर क्रय करने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में सचिव वाणिज्य कर (आबकारी) आर शंगीता, प्रबंध संचालक स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन श्याम धावड़े, सचिव वित्त विभाग शारदा वर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## ज्यादातर सब्जियां 60 से 80 रुपए किलो, टमाटर 100 पहुंचा

# दीपावली से पहले नई फसलों की कटाई, मंडियों में आवक बढ़ते ही सब्जियों के दाम गिरेंगे औंधे मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में दीपावली से पहले सब्जियों की नई फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। इसके बाद थोक मंडियों में सब्जियों की बंपर आवक शुरू होगी, जिससे इन दिनों आसमान छू रहे सब्जियों के दाम में भी भारी गिरावट आएगी। कुछ किसानों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि लोकल सब्जियों की फसले तैयार हो रही हैं, जिसकी कटाई दीपावली से पहले शुरू हो जाएगी।

कई सब्जियों की फसले त्योहार के सप्ताहभर पहले तक भी मंडियों में पहुंच सकती है, क्योंकि किसानों को अब सिर्फ फसलों के तैयार होने का इंतजार है। किसानों ने बताया कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में हुई तेज बारिश से पालक सहित कुछ प्रकार की सब्जियों की फसलों को नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन इसके बाद भी सब्जियों की फसलें अच्छी हैं। इन फसलों की कटाई होते ही आम लोगों को भी महंगी सब्जियों से बड़ी राहत मिलेगी। इन दिनों ज्यादातर सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। लौकी, कुंहड़ा, कुंदरू, कच्चा केला, पत्ता गोभी जैसी कुछ सब्जियां ही चिल्हर में 30 से 40 रुपए प्रति किलो हैं, वहीं फूल गोभी, भटा, करेला, बरबट्टी, तोरई, परवल, भिंडी, हरी मिर्च आदि सब्जियों के दाम 60 से 80 रुपए किलो हैं। सबसे महंगी सब्जियों में शिमला मिर्च, मुनगा एवं टमाटर 80 से 100 रुपए किलो है।

### आवक बढ़ते ही तेजी से घटेंगे दाम

थोक मंडियों में इन दिनों सब्जियों की आवक में भारी कमी आई है। लोकल सब्जियों की आवक 10 प्रतिशत से भी कम है, वहीं दूसरे राज्यों से आ रही सब्जियों की आवक भी 30 से 35 प्रतिशत ही हो रही है। इसके कारण लगभग सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पिछले माह देश के कई राज्यों में भारी बारिश होने के कारण सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ से उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात जैसे राज्यों में सब्जियां भेजी जा रही हैं। इसके कारण सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### पार्षद आकाश ने कराया कन्या भोज

**रायपुर।** नवरात्रि महापर्व की पंचमी के दिन सोमवार को नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के अध्यक्ष एवं पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद आकाश तिवारी के निजी निवास पर 501 कन्याओं के पैर धोकर कन्या पूजन और महाप्रसादी ग्रहण कराया गया। इस पुण्य कार्य हर वर्ष आयोजित करने के लिए सभी माताओं और कन्याओं ने श्री तिवारी के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

### संजय बने सिंधी काउंसिल के चैयरमैन



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने रहेजा ग्रुप के संजय रहेजा को प्रदेश चेयरमैन की नियुक्ति की गई। संजय रहेजा क्रेडाई के अध्यक्ष भी है और सामाजिक कार्य में भी सक्रिय भागीदारी है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश महामंत्री सुनील कुकरेजा, प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्की लोहाना, प्रणीत सुंदरानी, निलेश तारवानी, दीपक रामनानी, हेमंत मेघानी ने बधाई दी।

## निधन

### लालचंद चोपड़ा



**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी लालचंद चोपड़ा (88) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे ज्ञानचंद चोपड़ा, धर्मेंद्र चोपड़ा, स्वरूप चोपड़ा के पिता थे।

### डॉ. सनत तिवारी



**रायपुर।** मुकुट नगर निवासी डॉ. सनत तिवारी (78) का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हरिभूमि के सहायक महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, प्रीति चतुर्वेदी, प्राची शुक्ला के पिता थे।

### विमला देवी



**रायपुर।** सुभाष वार्ड निवासी विमला देवी का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अक्टूबर को शाम 4 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जयकिशन शर्मा की पत्नी और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की भाभी एवं अश्वनी शर्मा की माता थीं।

### चंदर बाई मरकाम



**रायपुर।** रायपुर निवासी चंदर बाई मरकाम का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। वे नरेंद्र, सत्येंद्र और देवेंद्र मरकाम की माता थीं।

# ट्रेन में टीटीई से बचकर भागना अब मुश्किल, वॉकी-टॉकी से पकड़े जाएंगे बिना टिकट यात्री

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन में बिना टिकट लिए सफर करने वाले यदि टीटीई को देखकर दूसरे दरवाजे से भागने की कोशिक करेंगे, तो अब टीटीई अपने साथी को उसका हुलिया तुरंत बता देंगे। इसके लिए 100 टीटीई स्टॉफ को वॉकी-टॉकी दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने यात्री सेवा को और बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। ट्रेनों के टिकट जांच कर्मचारियों, टीटीई को वॉकी-टॉकी दिया गया है। यह कदम यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए उठाया गया है। वॉकी-टॉकी उपकरणों की मदद से टीटीई आपातकालीन स्थिति में तुरंत संपर्क कर सकेंगे, जिससे त्वरित सहायता और बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा। इससे आरएसी और वेटिंग टिकट क्लीयर करने में भी मदद मिलेगी। अन्य कोच में बिठाए गए यात्रियों को उनकी आरक्षित सीटों पर बिठाने में सुविधा होगी।



स्टेशन में मौजूद स्पेशल टीम से सीधे संपर्क स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों तक पहुंचाई जा रही सहायता

### जरूरतमंद यात्रियों को मिल रही मदद

*यात्री सेवा तथा सुविधा को और बेहतर बनाने, आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अभिनव पहल के तहत ट्रेनों के टीटीई, कर्मचारियों को वॉकी-टॉकी उपकरण प्रदान किए गए हैं। इस उपकरण की सहायता से भनवारटंक घाट सेक्शन व दघोरा-जामगा जैसे नेटवर्क विहीन सेक्शनों में आपातकालीन स्थिति में टीटीई कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को बेहतर सहायता पहुंचा पा रहे हैं। इसके साथ ही ट्रेनों के अन्य कोच में कार्यरत सहयोगी टीटीई स्टाफ आपसी समन्वय स्थापित कर आरएसी, वेटिंग टिकट क्लीयर करने तथा अन्य कोच में बैठे यात्रियों को उनके आरक्षित कोच व सीट में बैठाने जैसी बेहतर सुविधाएं भी सुनिश्चित कर रहे हैं। स्टेशन में मौजूद स्पेशल टीम से सीधे संपर्क स्थापित कर जरूरतमंद यात्रियों को भी हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही।*

### आपसी संवाद और सहयोग होगा मजबूत

*बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन के सभी टिकट जांच स्टाफ को वॉकी-टॉकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसका उद्देश्य ट्रेन संचालन में सुधार लाना और यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। वॉकी-टॉकी के माध्यम से टिकट जांच स्टाफ एक-दूसरे से तुरंत संपर्क कर सकेंगे, जिससे किसी भी आपात स्थिति में या टिकट जांच के दौरान त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि वॉकी-टॉकी के उपयोग से ट्रेन स्टाफ के बीच संचार तंत्र में उल्लेखनीय सुधार होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस उच्च गति और उन्नत सुविधाओं के लिए जानी जाती है। इसमें यह नई व्यवस्था यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी।*

# नगर निगम ने सरकारी जमीन पर बना दी दुकानें, अब होंगी नीलामी

*विपक्ष ने अवैध निर्माण का लगाया आरोप, प्रस्ताव बहुमत से पारित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम मुख्यालय के समीप पटवारी प्रशिक्षण कार्यालय के सामने निर्मित 3 दुकानों को सड़क चौड़ीकरण में 3 दुकानदारों का व्यवस्थापन करते हुए हटाने का निर्णय लिया गया था, पर आज तक उन दुकानों को हटाया नहीं गया है। उनके लिए बनाई गई 3 दुकानें खाली पड़ी हैं। इन दुकानों को खुली नीलामी के माध्यम से आवंटित किए जाने का प्रस्ताव सामान्य सभा में बहुमत से पारित हो गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जमीन नगर निगम की नहीं है, बल्कि भू अभिलेख शाखा के नाम पर दर्ज है। शासन की स्वीकृति बिना नगर निगम ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कराया है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, वरिष्ठ पार्षद सूर्यकांत राठौर ने सोमवार को सामान्य सभा की बैठक में इस पर आपत्ति की। नगर निगम की स्थगित सामान्य सभा की बैठक सोमवार को आधा घंटे देर से प्रारंभ हुई। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की अनुपस्थिति में सामान्य सभा में लिए जाने वाले निर्णय के क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठाने पर सभापति प्रमोद दुबे ने आयुक्त के आने तक सभा की कार्यवाही स्थगित कर दी। आयुक्त के आने पर दोबारा सभा प्रारंभ हुई, जिसमें 8 एजेंडे सदन में चर्चा के लिए लाए गए। नगर निगम की सामान्य सभा में निगम कार्यालय के बाजू में बनी 3 दुकानों को लेकर भाजपा पार्षद दल ने सत्ता पक्ष को घेरते हुए आरोपों की झड़ी लगा दी। निगम पर व्यवस्थापन के नाम पर अवैध रूप से दुकान बनाने का आरोप भी लगा। निगम ने भू अभिलेख शाखा की जमीन पर 3 दुकानें बनाई हैं। भाजपा पार्षदों ने इस मामले में एमआईसी को घेरा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, सरकारी जमीन पर दुकानों का निर्माण शासन से मंजूरी लिए बिना कराया गया है। इसके साथ ही बिना अनुमति के दुकानों का टेंडर जारी कर दिया, जबकि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर 3 दुकानों को व्यवस्थापन के लिए बनाया गया। अवैध निर्माण के मामले में निगम के अधिकारी और एमआईसी बुरी तरह घिर गए।



### नरैया तालाब सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पारित

*टिकरापारा के पास स्थित नरैया तालाब का सौंदर्यीकरण करने 10 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। चर्चा में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, जोन अध्यक्ष निशा यादव, पार्षद सरिता दुबे, नारद कौशल, रोहित साहू, ज्ञानेश शर्मा सहित 10 पार्षदों ने हिस्सा लिया।*

### हमारी नीयत व नीति साफ है : एजाज ढेबर

*सरकारी जमीन पर दुकानों के अवैध निर्माण के आरोप का बिंदुवार जवाब देते हुए महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि 3 दुकानों के निर्माण की एजेंसी नगर निगम थी। जिला कलेक्टर, मुख्य सचिव और आयुक्त के दौरे के समय तत्कालीन मुख्य सचिव आरपी मंडल ने कहा था कि 3 दुकानें बनाना है, वहां चूंकि स्मार्ट रोड बनना था। इससे आवागमन के लिए रास्ता सुगम होता, इसलिए निगम ने 3 दुकानें बनवाई हैं। सदन को महापौर ने जिला कलेक्टर के आदेश की कापी भी दिखाई। उन्होंने कहा हमारी नीयत व नीति दोनों साफ है, इसलिए हमने एजेंडा सदन में लाया है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने आरोप लगाया कि सदन में अवैध काम को शह दिया जा रहा है। महापौर के दबाव में दुकानों का टेंडर निकाला गया है। सदन में लंबी बहस के बाद बहुमत से प्रस्ताव पारित हुआ।*

### कांजी हाउस की दुकान को लेकर हंगामा

*एजेंडा क्रमांक 23 में कांजी हाउस की दुकान के लीज नवीनीकरण के प्रस्ताव में निगम अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया गया। पार्षदों का कहना था, षड़यंत्र पूर्वक एजेंडा सामान्य सभा में लाया गया है। कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों ने अधिकारी को निलंबित करने की मांग उठाई। आयुक्त और सभापति ने अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। एजेंडे को सर्वसम्मति से अस्वीकृत कर दिया गया। सभा में खम्हारडीह में नई पानी टंकी बनाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से मंजूर किया गया। रोड स्वीपिंग मशीन का दायरा बढ़ाने संबंधी एजेंडा पारित हुआ।*

# नोटिस के बाद भी पेशी में नहीं पहुंचे गैस एजेंसी और बेकरी के संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 25 सितंबर को अपर कलेक्टर की कोर्ट में पेश होने दिए गए थे निर्देश

गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने के मामले में एक गैस एजेंसी और अवैध रूप से बड़ी संख्या में गैस सिलेंडरों का भंडारण एवं उपयोग करने वाली एक बेकरी फैक्ट्री के संचालक को अपर कलेक्टर ने 25 सितंबर को उनकी कोर्ट में खाद्य विभाग द्वारा जब्त किए गए घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों से संबंधित दस्तावेज के साथ पेश होने आदेशित किया गया था और इस संबंध में दोनों संचालक को नोटिस भी जारी किया था, इसके बाद भी गैस एजेंसी और बेकरी फैक्ट्री के संचालक अब तक न ही अपर कलेक्टर की कोर्ट पहुंचे और न ही जब्त सिलेडरों को लेकर कोई सफाई या जवाब प्रस्तुत किया है। इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि दोनों संचालकों को नोटिस देकर जवाब पेश करने का मौका दिया गया था, लेकिन दोनों पेशी में नहीं आए हैं। इस मामले में अब दोनों संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार छापेमारी में बोरियाखुर्द स्थित न्यू नाइस बेकरी फैक्ट्री से 19 किलो वजन वाले 327 कमर्सियल गैस सिलेंडर बरामद किए थे। इनमें 90 भरे हुए और 181 खाली तथा 56 में नोजल लगे हुए थे। जांच में खाद्य विभाग की टीम को यह भी पता चला कि इस फैक्ट्री में प्रतिदिन औसतन 2 सौ गैस सिलेंडर उपयोग में लाए जाते हैं, जबकि फैक्ट्री संचालक द्वारा 100 किलो से अधिक विस्फोटक रखने की अनुमति भी नहीं ली गई है। इसके अलावा फैक्ट्री में सिर्फ दो अग्निशामक यंत्र ही मिले, जिसका नवीनीकरण भी पेश नहीं किया है। इसी प्रकार टीम ने कांदुल स्थित लक्ष्मी गैस एजेंसी के ऑनलाइन एंट्री और वितरण तथा भंडारण सिलेंडरों की संख्या में भारी अंतर पाया गया।

### राजसात एवं एफआईआर का प्रावधान

नोटिस के बाद भी गैस एजेंसी एवं बेकरी संचालक पेशी में नहीं पहुंचे। इस मामले में अब आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसमें जब्त सिलेंडरों सहित अन्य सामग्री को राजसात करने के साथ एफआईआर का भी प्रावधान है।

- कीर्तिमान सिंह राठौर

## जय बुढ़ी मां गाड़ा महासभा के नवनियुक्ति पदाधिकारियों ने लिया संकल्प

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में रविवार को जय बुढ़ी मां गाड़ा महासभा के नवनियुक्ति कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपसस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से शंकर तांडी को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही युवा जिला अध्यक्ष जीतू सागर और महिला जिला अध्यक्ष रोशनी बाघ को नियुक्त किया है। इसके अलावा जय बुढ़ी मां समाज के 50 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। बैठक में नया सलाहाकार धनसिंग जगत, शत्रुघ्न महानंद, प्रदेश महासचिव संजय सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीतम सुना, प्रदेश सचिव देवराज महानंद को नियुक्त किया गया। इसी दौरान सभी नव पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक स्वर में जय बुढ़ी मां का जयकारा लगाकर निस्वार्थ, कर्मठ होकर समाज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और एक समाज, एक नियम का संकल्प लिया।



## पेज 9 के शेष

### भाठागांव की 63 एकड़...

का कब्जा अब तक हटाए नहीं जाने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। गांव के प्रमुख कीर्तन साहू ने बताया कि तहसील के एसडीएम कार्यालय में प्रकरण लंबित है। इस प्रकरण में सुनवाई काफी धीमी गति से की जा रही है। उन्होंने कहा कि भूमि पर निर्माण पर तहसील द्वारा रोक लगा दी गई है, लेकिन भूमि अभी कब्जामुक्त नहीं हुआ है। भूमि में निर्माण किया गया सीमेंट पिलर, सीसीटीवी कैमरा, पंडाल को हटाया नहीं गया है।

### बादलों के कारण धूप...

भी बनी रही। दिन का तापमान बादल की वजह से थोड़ा खिसककर 34 डिग्री के करीब आ गया था और रात के तापमान में भी थोड़ी गिरावट हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वातावरण से नमी की मात्रा धीरे-धीरे कम हो रही है, जिसकी वजह से यहां भी मानसून की विदाई का माहौल बनने लगा है। माना जा रहा है कि अगले दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के गुजरात, मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों से विदा होने की घोषणा की जा सकती है। 15 अक्टूबर को मध्य भारत में एंटी साइक्लोन के बनने के बाद राज्य से कभी भी मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी।

### छलक रहे बांध, इसलिए...

के बाद पानी की आवक बढ़ी। बड़े बांधों में मिनीमाता बांगों में 86, गंगरेल में 83, तांदूला में 75.40, दुधावा में 82, खारंग में 90, सोंदूर 74, मुरूम सिल्ली में 94, कोडार में 50, मनियारी में 93, केलो में 89, और कोसारटेडा में 93 प्रतिशत जल भराव है। जिन बांधों में जल भराव अध्याकि है वहां से नहरों के माध्यम से पानी छोड़ा जा रहा है। इनमें से 10 बांधों से लगातार पानी छोड़ने की जानकारी है। वहीं आने वाले समय में रबी और अन्य सीजन में उपलब्धता के आधार पर पानी देने का निर्णय लिया जाएगा। बताया गया है कि जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में किसानों के मांग के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। प्रदेश के बड़े बांधों में 84 और मध्यम बांधों में 87 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है, जो पिछले साल के मुकाबले अधिक है। पानी की उपलब्धता के आधार पर बांधों से आने वाले समय में निस्तारी और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### महादेव सट्टा की...

थी। जांच के दौरान ईडी को इसके इनपुट मिले हैं। इसी इनपुट के आधार पर जांच एजेंसी प्रकरण की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सट्टा की रकम को फिल्मों में लगाने वालों को चिन्हांकित करने के बाद उक्त सभी से ईडी पूछताछ कर बयान दर्ज कर सकती है।

# त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ट्रैफिक की चाल बिगड़ी, हर तरफ लग रहा जाम

*शहर से लेकर आउटर के इलाकों में शाम पांच बजे के बाद लग रहा जाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ शहर के प्रमुख बाजारों के साथ आउटर में ट्रैफिक की चाल बिगड़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों में जाम की स्थिति निर्मित होने लगी है। ट्रैफिक जाम से निपटने यातायात पुलिस को अतिरिक्त बल लगाना पड़ रहा है। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक ट्रैफिक जाम से निपटने शहर के प्रमुख बाजार मालवीय रोड, सदर बाजार तथा एमजी रोड में सड़क पर चारपहिया वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाई गई है। जाम की वजह इन मार्गों में हल्का मालवाहक वाहनों द्वारा सामान ढोना है। ट्रैफिक पुलिस अफसर के अनुसार बाजार में भीड़ ज्यादा होने की स्थिति में ट्रैफिक डायवर्ट किया जा रहा है।



### सीसीटीएनएस से कर रहे मॉनिटरिंग

*ट्रैफिक डीएसपी के मुताबिक शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक पर नजर रखने सीसीटीएनएस कैमरों की मदद ली जा रही है। शहर के जिन चौराहों में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है, सीसीटीएनएस की मॉनिटरिंग करने वाली टीम ट्रैफिक अमले को उस स्थान पर ट्रैफिक क्लीन कराने भेजती है।*

### इन स्थानों में करनी पड़ रही मशक्कत

*उल्लेखनीय है कि सीसीटीएनएस कैमरे की मदद से एमजी रोड, मालवीय रोड, सदर बाजार मार्ग की निगरानी की जा सकती है। इसके साथ ही पुरानी बस्ती, लाखेनगर तथा आउटर के इलाके सीसीटीएनएस से नहीं जुड़े हैं। इस वजह से इन मार्गों में ट्रैफिक जाम होने की स्थिति में ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक क्लीन कराने मशक्कत करनी पड़ती है। सीमित बल होने की वजह से कई स्थानों में जितनी संख्या में ट्रैफिक बल चाहिए, उतना बल नहीं पहुंच पाता।*

### राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पाठक का रायपुर में किया अभिनंदन

**रायपुर।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक का रायपुर में अभिनंदन हुआ। डॉ पाठक एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ पीएलके मूर्ति आगामी 20 से 22 दिसंबर तक रायपुर में आयोजित होने वाली कांफ्रेंस की तैयारियों के लिए रायपुर प्रवास पर हैं जहां रायपुर चैप्टर चैयरमेन डॉ शाहिद अली एवं अन्य पदाधिकारियों ने डॉ पाठक का बुकें भेंटकर स्वागत किया। पीआरएसआई के डॉ पाठक ने आयोजन के प्रारंभिक तैयारियों पर परिचर्चा की। चैप्टर चैयरमेन डॉ. शाहिद अली ने बताया कि इस बार रायपुर में आयोजित होने वाली कॉन्फ्रेंस की थीम 'राष्ट्रीय मूल्यः अंतर्राष्ट्रीय दक्षताएं-जनसंपर्क की भूमिका' होगी।



### सार्वजनिक सूचना का खंडन

**(दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि, रायपुर दिनांक 29.09.2024 में बिड़ला ओपन माईड्स प्री स्कूल के संबंध में प्रकाशित आम सूचना का खंडन)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, अवनी एजुकेशन सोसायटी, दुर्ग (छ.ग.) एवं बिड़ला ओपन माईड्स प्राइवेट लिमिटेड मुम्बई के मध्य, मध्यस्थता विवाद मुम्बई हाईकोर्ट में लंबित है और अवनी एजुकेशन सोसायटी किसी भी रूप में उपरोक्त के ब्रान्ड एवं बौद्धिक संपदा का उपयोग, उपभोग नहीं कर रहा है, बल्कि अवनी एजुकेशन सोसायटी के द्वारा अपने स्कूल को स्वयं के द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर उक्त एजुकेशन प्रा. लि. मुम्बई के द्वारा झूठी सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करायी गई है और अवनी एजुकेशन सोसायटी के मान-सम्मान एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने के दुराशय से तथा प्रबंधक, सोसायटी की कार्यकारिणी को शिक्षा के क्षेत्र में बदनाम करने के दुराशय से सार्वजनिक सूचना छपवाई गई है।

जबकि अवनी एजुकेशन सोसायटी दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वयं के सामर्थ में शिक्षा के क्षेत्र में विगत 20 वर्षों से काम कर रही है।

अतः कोई भी व्यक्ति बिड़ला ओपन माईड्स एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड मुम्बई के सार्वजनिक सूचना दिनांक 29.09.2024 से भ्रमित न हो।

भवदीय
ए.के. कटारिया (अधिवक्ता)
लोहार चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
मो. 98271-53988

दिनांक 01/10/2024

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार क्रेता श्रीमती दीपिका कोसरे, पति - नेमीचंद कोसरे, के द्वारा विक्रेता 1. श्री सत्यजित कांजी, 2. श्री गोपाल कांजी, दोनो पिता श्री रतन कांजी, निवासी- टिकरापारा, भगत सिंह चौक, रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. पिन नं- 492001 वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा- भाठागांव, प.ह.नं. 00060, रा.नि.मं.-रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) है, जिसका खसरा नं. 275/6 रकबा-1056 वर्गफुट है, जिसे आम मुख्तयार श्री ब्रम्हा कुमार सोनकर, उम्र 35 वर्ष, पिता- श्री रामअवतार सोनकर, निवासी वार्ड नं- 63, भाठागांव, नगर निगम ऑफिस के पास, राजा प्रोविजन स्टोर्स, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है, बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है, एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग. दिनांक 07/10/2024

**(गीतेश कुमार बैस), अधिवक्ता**
**साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 98274-62029,70001-76184**

### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री नगीना साहू पिता श्री शंकर लाल साहू निवासी ग्राम मुडपार पो. नरियरा तहसील मालखरौदा जिला सक्ति एवं कु. सुमन साहू पिता स्व.श्री नरेन्द्र साहू निवासी वार्ड नं. 07 हीरालाल कालेज के पास तहसील अभनपुर जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने **विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत** किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 02 नवम्बर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**रायपुर**

### // शपथ-पत्र //

मैं फेकन महतो पिता स्व. श्री जोधा महतो निवासी ग्राम मंजूरा, पोस्ट-मंजूरा, थाना-कस्मार बोकारो झारखण्ड हाल मु. बिरगांव, जिला रायपुर छ.ग., है, जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सहीं है।
2. यह कि, मेरे स्वयं के नाम से एक आईडीबीआई बैंक खाता क्र. 1216104000028431 शाखा- उरला इंडस्ट्रीज एरिया, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा जारी बैंक पासबुक में मेरा नाम फेकन वर्मा (FEKAN VERMA) दर्ज हैं।
3. यह कि, मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में एवं आधार कार्ड क्रं.-8920 0910 5902. में मेरा नाम फेकन महतो (FEKAN MAHTO) दर्ज हैं।
4. यह कि, फेकन वर्मा (FEKAN VERMA) एवं फेकन महतो (FEKAN MAHTO) ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के ही नाम है।
5. यह कि, आईडीबीआई बैंक खाता में दर्ज नाम फेकन वर्मा (FEKAN VERMA) सरनेम के स्थान पर मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही एवं वास्तविक सरनेम फेकन महतो (FEKAN MAHTO) दर्ज किये जाने के संबंध में उक्त शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।
6. यह कि, मेरे द्वारा असत्य / गलत जानकारी दिये जाने पर कानूनी रूप से मैं स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार रहूंगा।

FEKAN MAHTO
शपथकर्ता

**सत्यापन :-**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि कंडिका 01 से 06 तक की दी गई सम्पूर्ण कथन मेरे निजी ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को रायपुर (छ.ग.) में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया है।

07 OCT 2024

सत्यापनकर्ता
FEKAN MAHTO

### दो दिवसीय नवरात्रि प्रदर्शनी आज से

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित अशोका रतन के कम्युनिटी हॉल में 8 अक्टूबर से नवरात्रि स्पेशल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजक कांसेप्ट फॉर यू इवेंट्स इंडिया के सदस्यों के बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार सुबह 11 बजे होगा, जो बुधवार रात 8 बजे संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की डिजाइनर गरबा ड्रेस, लड्डू गोपाल पोशाक, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, डिजाइनर सूट, साड़ी, लहंगा, हाउसहोल्ड आइटम सहित गिफ्ट आइटम मिलेंगे। प्रदर्शनी में हिस्सा लेने प्रदेश के विभिन्न जिलों से घर से व्यापार संचालित करने वाली महिलाएं पहुंच रही हैं, जहां उन्हें मंच प्रदान कर आर्थिक स्तर पर मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप



### विधायक पुरंदर मिश्रा का महापौर, सभापति ने किया स्वागत

**रायपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा बैठक में पहुंचे रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा का सभापति प्रमोद दुबे, महापौरएजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा सहित एमआईसी सदस्यों ने स्वागत किया। श्री मिश्रा ने पार्षदगणों से रायपुर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने का संकल्प लेकर सभी 70 वार्डों में कार्य करने का आव्हान किया। सभा के अंत में नगर निगम पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा एवं जोन 4 के पूर्व जोन अध्यक्ष अनीस अहमद के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गयी ।

### चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने सड़कों पर आवाजाही सही करने तथा चौक-चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने ठोस कदम उठाने की मांग छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन से की है। श्री ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि त्योहार का सीजन है, जनता माता का दर्शन करने घर से बाहर निकल रही तथा गरबा की धूम है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन सड़क, चौराहों की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं ई-रिक्शा वालों को सही ट्रेनिंग नहीं होने के कारण भी यातायात बाधित होता है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाखेनगर से टिल्लू चौक सदरबाजार, रिंगरोड चौराहों में रायपुरा चौक, कुशालपुर चौक और भाठागांव चौक जैसे मुख्य मार्गों पर रोजाना बेतरतीब जाम लगा रहता है, जिससे आम जनता परेशान है।

### ट्रैफिक नियम : पोस्टर लगाकर किया जागरूक



**रायपुर।** लायंस क्लब सीनियर द्वारा राजधानी रायपुर में सोमवार को पोस्टर लगाकर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में लायंस क्लब सीनियर के पदाधिकारियों ने लोगों को बताया कि आजकल हर किसी को अपने दोपहिया या चारपहिया से जाना बेहद पसंद है।

### महाराष्ट्र मंडल में आकाशदीप बनाने का प्रशिक्षण आज

**रायपुर।** अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने के लिए महाराष्ट्र मंडल की कला एवं संस्कृति समिति की ओर से 8 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे चौबे कॉलोनी स्थित मंडल में आकाशदीप बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर की समन्वयक भारती पलसोदकर ने बताया कि इच्छुक बच्चों-युवाओं को कला एवं संस्कृति समिति के प्रमुख अजय पोतदार और शेखर क्षीरसागर डिजाइनर व रंगबिरंगे आकाशदीप बनाना सिखाएंगे।

# भटके बिना सही समय पर मरीजों को मिले इलाज, यही होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में राजधानी समेत प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले मरीजों को भटके बिना सही समय पर उपचार मिले, यही प्राथमिकता होगी। आवश्यकता के हिसाब से यहां की इमरजेंसी व्यवस्था को और अपडेट किया जाएगा, ताकि मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा मिल सके।

राज्य शासन के आदेशानुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के चिकित्सा अधीक्षक पद पर पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी विभाग डॉ. एसबीएस नेताम एवं सहायक अधीक्षक डॉ. डीके टंडन मौजूद थे। नए अधीक्षक डा. सोनकर ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि अस्पताल में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है और यहां रायपुर के साथ अन्य जिलों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। उनकी कोशिश रहेगी कि मरीजों को सही समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिल सके। गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए इमरजेंसी यूनिट महत्वपूर्ण होता है। प्रयास किया जाएगा जरूरतमंद मरीज को तत्काल आवश्यक उपचार की सुविधा मिलेगी।

आने वाले दिनों में जरूरत के हिसाब से इमरजेंसी विभाग को अपडेट किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल की सुरक्षा और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहां सीसीटीवी की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा को और पुख्ता करने का प्रयास होगा। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को ओपीडी में सही समय पर डाक्टर मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**आंबेडकर अस्पताल के नए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने चार्ज लिया**





## सतबहिनिया साईं दरबार में दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रम 12 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लाखे नगर स्थिति सत बहिनिया साईं दरबार में दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दिन अंचल के जाने-माने जस गीत गायक दिलीप षड़ंगी भक्तिगीतों की सुंदर प्रस्तुति देने कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साईं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष व पूर्व वरिष्ठ पार्षद गोवर्धन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की भव्य तैयारी की अंतिम बैठक मंदिर परिसर में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों का सम्मान मुख्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा

- भजन संध्या में जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी प्रस्तुत करेंगे सुरीले भजन

साईं दरबार दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव पारस चोपड़ा होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों का सम्मान किया जाएगा। इसमें सामाजिक क्षेत्र से बसंत अग्रवाल, वीरेंद्र (रूबी) तोमर, हर्षित सिंघानिया, पत्रकारिता से उमाशंकर व्यास, डॉ सुरेंद्र शुक्ला, डॉ उपेन्द्र त्रिवेदी, राजनीति क्षेत्र से सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, व्यापार क्षेत्र से ओम सोनकर, अनुराग राठी, कैलाश छाबड़ा का सम्मान किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत साईं नाथ जी के दुग्ध अभिषेक से सुबह 8 बजे होगी। दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती, दोपहर 1 बजे से भोग भंडारा और् संध्या के समय बाबा की महाआरती होगी।

### देशभर में कारों का तीन लाख से ज्यादा स्टॉक जाम इसलिए इस बार भारी छूट

# चारपहिया वाहनों पर छूट, पांच लाख की कार पर 66 हजार तक डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

त्योहारी सीजन में इस बार कार डीलरों के साथ ही उत्पादक कंपनियों के पास भारी स्टॉक होने के कारण भारी छूट दी जा रही है। राजधानी रायपुर में ही पांच लाख वाली मारुति कार पर 66 हजार की छूट मिल रही है। देशभर में इस समय चारपहिया वाहनों का इतना ज्यादा उत्पादन हो रहा है कि डीलरों के पास तीन लाख से ज्यादा कारों का स्टॉक हो गया है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 10 हजार कारों का अतिरिक्त स्टॉक है। इस बार नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली पर अलग-अलग कंपनियों की कारों में अलग-अलग डिस्काउंट मिल रहा है। हजारों से लेकर लाखों में डिस्काउंट है। आमतौर पर त्योहारी सीजन में कारों पर डिस्काउंट मिलता है, लेकिन कोरोना काल के बाद कारों के ज्यादातर मॉडल ऑनडिमांड नहीं मिल रहे थे, तो डिस्काउंट की तरफ कोई ध्यान भी नहीं दे रहा था। कोरोना काल में कारों का उत्पादन भी कम हो गया था, सेमीकंडक्टर की कमी के कारण कारें कम बन रही थीं, लेकिन अब लगातार उत्पादन ज्यादा होने के कारण कारों का भारी स्टॉक हो गया है। यही वजह है कि इस बार इस साल लगातार कारों पर डिस्काउंट मिल रहा है।

#### डीलर भी दे रहे डिस्काउंट

जहां एक तरफ ज्यादातर कंपनियां अपने अलग-अलग मॉडलों पर भारी डिस्काउंट दे रही है, वहीं डीलर भी डिस्काउंट दे रहे हैं। राजधानी रायपुर के कुछ डीलरों ने इस बात को तो जरूर माना की डीलर भी डिस्काउंट दे रहे हैं लेकिन किस मॉडल पर कितना डिस्काउंट दिया जा रहा है, यह कोई बताने तैयार नहीं है। डीलरों का कहना है डीलरों के डिस्काउंट का खुलासा होने से कंपनी वाले नाराज हो जाते हैं। इसलिए डीलर कंपनी के डिस्काउंट के बारे में ही बता रहे हैं।



#### किस मॉडल पर कितना बड़ा डिस्काउंट

- जीप इंडिया कंपास पर 3.15 लाख
- हुंडई ट्यूसॉन 2023 पर 2 लाख तक
- टाटा नेक्सन पर 80 हजार
- टाटा हैरियर पर 1.60 लाख
- टाटा सफारी पर 1.80 लाख
- मारुति के-टेन पर 66 हजार
- हुंडई एक्सटर पर 40 हजार
- हुंडई अल्काजार पर 90 हजार
- होंडा की एलिवेटर पर 80 हजार

#### टाटा के मॉडलों पर इतनी छूट

टाटा मोटर्स अपनी लोकप्रिय गाड़ियों टियागो, टिगोर, अल्ट्रोज, नेक्सन, हैरियर और सफारी पर छूट दे रही है। मॉडल और वैरिएंट के आधार पर छूट की राशि अलग-अलग है। टियागो की शुरुआती कीमत 4.99 लाख रुपए, अल्ट्रोज की 6.49 लाख रुपए, नेक्सन की 7.99 लाख रुपए, हैरियर की 14.99 लाख रुपए और सफारी की शुरुआती कीमत 15.49 लाख रुपए रखी गई है। सबसे बड़ी छूट टाटा की प्रमुख एसयूवी सफारी पर मिल रही है। इस पर कंपनी 1.80 लाख रुपए तक की छूट दे रही है। हैरियर एसयूवी पर 1.60 लाख रुपए तक की छूट मिल रही है। इसी तरह कंपनी अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सन पर 80,000 रुपए तक की छूट दे रही है।

#### मारुति के मॉडलों पर इतना डिस्काउंट

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इस समय अपने कई मॉडलों पर भारी डिस्काउंट दे रही है। राजधानी रायपुर के मारुति के स्काई शो रूम के मुताबिक 499500 वाली मारुति के-टेन पर 66100 रुपए, 583500 कीमत वाली सेलेरियो पर 66100 रुपए, 521500 वाली एस्प्रेसो पर 66100 रुपए और 599500 वाली वेगानआर पर 58100 रुपए, 649000 वाली स्विफ्ट 43100 रुपए, 834000 वाली एसयूवी कार ब्रेजा पर 35,000 रुपए, 656500 कीमत वाली डिजायर पर 35000 तक का डिस्काउंट मिल रहा है।

## एमबीबीएस की 72 सीटें खाली, मॉपअप राउंड में होगा एडमिशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दूसरे दौर की काउंसिलिंग के बाद राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 72 सीटें खाली बची हैं। इनमें चार शासकीय कॉलेजों की पांच सीटें शामिल हैं, जिनमें प्रवेश मॉपअप राउंड के माध्यम से पूरा किया जाएगा। खाली सीटों में निजी कॉलेजों के प्रबंधन की 45, राज्य कोटे की 11 और एनआरआई कोटे की 10 सीटें शामिल है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के मेडिकल और डेंटल कॉलेज की यूजी सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कराया जा रहा है। इसके तहत दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 5 अक्टूबर को पूरी की गई है। एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बची सीटों पर प्रवेश मॉपअप राउंड के माध्यम से पूरा किया जाएगा, जो 17 अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। राज्य में अभी की स्थिति में रायपुर, राजनांदगांव सहित छह शासकीय मेडिकल कॉलेजों की सभी सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। अभी केवल कांकेर में 2, दुर्ग, बिलासपुर तथा महासमुंद मेडिकल कॉलेज में एक-एक सीट बाकी है। पांच निजी मेडिकल कॉलेजों में मैनेजमेंट कोटे की 45 तथा राज्य कोटे की 6, एनआरआई कोटे की 10 सीटों पर एडमिशन होना है। माना जा रहा है कि मॉपअप राउंड के दौरान इन सीटों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

- सरकारी कॉलेजों में पांच सीटें रिक्त
- मैनेजमेंट कोटे की 45, स्टेट की 11 और एनआरआई कोटे की 10 सीटों पर प्रवेश बाकी

#### बीडीएस की 296 सीटें खाली

अभी की स्थिति में डेंटल कॉलेजों में बीडीएस की 296 सीटें खाली हैं, इसमें शासकीय डेंटल कॉलेज की 28 सीटें शामिल हैं। पांच निजी कॉलेजों में 209 सीटों पर एडमिशन शेष है, जिनमें भी एडमिशन का काम मॉपअप राउंड के साथ ही पूरा होगा। शासकीय और निजी डेंटल कॉलेजों में राज्य कोटे की 87 सीटें बाकी बची हैं।

## कालीबाड़ी चौक से सिद्धार्थ चौक अब कहलाएगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग

- नामकरण समारोह का आयोजन
- मंत्रोच्चार के बीच नामकरण बोर्ड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के कालीबाड़ी चौक से टिकरापारा का सिद्धार्थ चौक मार्ग अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओर रायपुर नगर पालिका के पूर्व पार्षद स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग के नाम से जाना जाएगा। राजधानी में आयोजित नामकरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील त्रिवेदी, अध्यक्षता सभापति प्रमोद दुबे ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक विरेंद्र पांडे एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राम्हण महासभा की ओर से सिद्धार्थ चौक टिकरापारा में नामकरण समारोह का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथियों ने स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे की अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिका को याद किया। साथ ही टिकरापारा वार्ड पार्षद के रूप में उनके योगदान का स्मरण किया। मंच पर सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, नगर निगम के एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे, जैतूसाव मठ के संचालक अजय तिवारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सभा के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, रामकृष्ण पाठक एवं सेनानी स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे के सुपुत्र



अरुण दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के सह सचिव राजेश त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार सनत चतुर्वेदी, बाबूलाल शर्मा, आशीष ठाकुर, ओपी मिश्रा, प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ नेता संजय पाठक, अनिल गुप्ता, अशोक बानी, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर निगम जोन कमिश्नर संतोष पांडे, शैलेंद्र त्रिवेदी, अजय सोनी, राजकुमार पांडे, इंद्रमणि प्रधान, हरगोविंद जोशी, अशोक मिश्रा, सोशल एक्टिविस्ट कुणाल शुक्ला, प्रीति शुक्ला, छत्तीसगढ़ फिल्म के निर्देशक सतीश जैन, अनुमोद राजवैद्य, अनुपम वर्मा, तेजपाल सिंह हंसपाल, मिलिंद खेर सहित सेनानी परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## जनजातियों का ज्ञान और परंपराएं दूसरे समाज के लिए अनुकरणीय



**रायपुर।** जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और जनजातीय महानायकों के बलिदान को आमजनों को बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभाग्रह में हुई। कार्यशाला में पूर्व आईएएस अधिकारी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनजातियों के ज्ञान और परंपराओं को दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया।

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर उन्होंने कहा, जनजातीय समाज में सहभागिता, प्रकृति प्रेम के साथ आत्म स्वाभिमान से जीने की कला को दूसरे समाज के लोंगो को भी सीखना चाहिए। उन्होंने इस दौरान जनजातीय समाज को भारत के संविधान को मिली सहूलियतों और संरक्षण के साथ विकास के लिए किए गए प्रावधानों को भी लोंगो को बताया। वक्ता वैभव सुरंगे ने भारत में जनजातीय समाज और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने जनजातीय समाज की परंपराओं, उनके रीतिरिवाजों और संस्कृति पर अपने नजरिए से रिसर्च किए जाने पर जोर दिया।

## बिजनेस साइट

### श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'आस्था लैंडमार्क' की ग्रैंड लॉन्चिंग



**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट आस्था लैंडमार्क की ग्रैंड लॉन्चिंग रविवार को एसएसडी धाम के पास, मोवा में की गई। इस प्रोजेक्ट के लॉन्च होते ही प्रॉपर्टी बायर्स से अच्छा रिस्पांस मिला है। इस नए प्रोजेक्ट में सीमित रेडी पजेशन प्रीमियम प्लॉट्स और कमर्शियल शॉप्स हैं। प्रीमियम चाहने वालों के लिए यह रिहायशी कैंपस है। आस्था लैंडमार्क की लॉन्चिंग पर श्री स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू ने कहा कि प्रोजेक्ट को ग्राहकों द्वारा बहुत पसंद किया गया है। यह प्रोजेक्ट शहर के बीच में स्थित है और इसमें लक्जरी सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया है। इस प्रोजेक्ट में क्लब हाउस, जिम, स्वीमिंग पूल, मंदिर, इंडोर और आउटडोर गेम्स, चिल्ड्रन प्ले जोन जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। नवरात्रि के अवसर पर फेस्टिव ऑफर भी पेश किया गया है, जिसमें ग्राहकों को एक हुंडई कार जीतने का अवसर मिल रहा है।

### करुणाश्री कैंसर हॉस्पिटल को जिला प्रशासन रायपुर ने किया सम्मानित



**रायपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति रायपुर ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 4 सरकारी और 4 निजी हॉस्पिटल्स को सम्मानित किया है। इस सम्मान समारोह में करुणाश्री कैंसर हॉस्पिटल को विशेष मान्यता दी गई है। रायपुर के कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने इस वर्ष करुणाश्री कैंसर हॉस्पिटल को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। यह पुरस्कार हॉस्पिटल की उत्कृष्ट सेवाओं और सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए दिया गया। करुणाश्री कैंसर हॉस्पिटल की ओर से यह सम्मान डॉ. प्रशांत कसेर और डॉ. नीलम लदेर ने प्राप्त किया। पचपेड़ी नाका स्थित यह हॉस्पिटल पिछले पांच वर्षों से कैंसर के इलाज में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहा है। अब तक हजारों मरीजों ने यहां कीमोथेरेपी, कैंसर सर्जरी और रेडिएशन जैसी सुविधाओं का लाभ उठाया है।

### बलदेव फर्नीचर में दिवाली धमाका ऑफर, 50% तक डिस्काउंट



**रायपुर।** गुरुनानक चौक और जनकबाड़ा स्थित बलदेव फर्नीचर इस दिवाली एक खास धमाका ऑफर लेकर आया है। इस ऑफर के तहत 1.25 लाख रुपए से अधिक की खरीदारी पर एक कूलर, 70,000 रुपए से अधिक की खरीदारी पर कैबिन सूटकेस और 40,000 रुपए से अधिक की खरीदारी पर बैगपैक फ्री दिया जा रहा है। बलदेव फर्नीचर के संचालक सरदार लखविंदर सिंह ने बताया कि वे ग्राहकों की आवश्यकतानुसार कस्टमाइज फर्नीचर भी तैयार करते हैं। इसके अलावा चुनिंदा आइटम्स पर 50% तक डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलदेव फर्नीचर में बेडरूम सेट, डायनिंग टेबल, सोफा सेट, आलमारी, आउटडोर फर्नीचर, मंदिर, आकर्षक झूले, ऑफिस टेबल, सेंटर टेबल और रेकलाइनर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा गोदरेज की सेफ, नीलकमल, पूजा, किसान के मोल्डेड फर्नीचर, ईजी की रिवॉल्विंग चेयर, इटालिका और अन्य ब्रांड्स के नए मॉडल, डिजाइन भी उपलब्ध हैं।




## लकड़ी तस्करी मामले में कांग्रेस ने डीएफओ को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने लकड़ी तस्करी के मामले में डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लकड़ी परिवहन में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है, जिसमें वन विभाग की मिलीभगत से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में अवैध लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। जो गोला लट्ठा लकड़ी ओडिशा में बैन है, वह कैसे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पहुंच रहा है। बैरियर में जांच के बिना परमिट दिए जाने और फर्म पर अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वन विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। श्री उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कुछ टिम्बर कंपनी, ट्रेडर्स व ठेकेदार ओडिशा से गलत दस्तावेज बनवाकर लकड़ी मंगवा रहे हैं। इसकी जांच छत्तीसगढ़ वन विभाग कर रहा है।



#### ये थे मौजूद

घेराव में विकास उपाध्याय के साथ अशोक सिंह ठाकुर, देवकुमार साहू, प्रकाशदास मानिकपुरी, रामदास कुर्रे, सोहन शर्मा, विकास अग्रवाल, पम्मी चोपड़ा, भूपेन्दर गिल, विकास पाठक, योगेश दीक्षित, डेमेन्द्र यदु, सोनू ठाकुर, रितेश साहू, अखिलेश जोशी, संदीप सिरमौर, शानू दीवान, राजेश बघेल, अतीत राठौर, श्रीनाथ भोगल, हर्षित जायसवाल, सूरज साहू आदि उपस्थित थे।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937






मारुति मंगलम

लगातार पांच घंटों तक गुजराती व हिंदी गीतों पर नृत्य

लाइव इवेंट

## दो प्रकार का होता है महापुरुषों का जीवन दर्शन, ये प्रभावकारी



**रायपुर।** विवेकानन्द विद्यापीठ में स्वामी आत्मानन्द की 95वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'महापुरुषों का जीवन दर्शन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की। स्मृति व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में रामकृष्ण मठ, नागपुर के अध्यक्ष स्वामी राघवेन्द्रानन्द महाराज उपस्थित रहे। प्रारंभिक वक्तव्य में विवेकानन्द विद्यापीठ के सचिव डॉ.ओमप्रकाश वर्मा ने स्वामी आत्मानन्द का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के विकास में उनका अमूल्य योगदान रहा है। वे 4 वर्ष की उम्र से ही हारमोनियम बजाकर सुमधुर भजन गाया करते थे। स्वामी विवेकानन्द के एक चित्र की उनके अचेतन मन में गहरी छाप पड़ी। उच्च शिक्षा के लिए ये नागपरु गए और रामकृष्ण मिशन आश्रम के छात्रावास में रहे।

### महापुरुषों की कथनी और करनी में अंतर नहीं

अरुण वाजपेयी ने कहा कि महापुरुषों का जीवनदर्शन दार्शनिक एवं व्यवहारिक दो प्रकार का होता है। संसार में रहकर अकर्ता का भाव रखकर जो निष्काम कर्म करता है, उसका प्रभाव दीर्घकालिक होता है एवं आने वाली पीढ़ियां उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करती रहती हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि महापुरुषों की कथनी और करनी में अंतर नहीं होता। वे किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से ग्रसित नहीं रहते। स्वामी आत्मानन्द ने ऐसे प्रमाण स्थापित किए हैं, जिससे वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी प्रेरणा लेती रहेगी। विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शहर के गणमान्य नागरिक तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# पंखिड़ा तू उड़ी ने जाजे पावागढ़ रे...


**हरिभूमि और आईएनएच द्वारा अवधपुरी मैदान में आयोजित रास गरबा के पांचवें दिन हर कोई मां अंबे की भक्ति लीन नजर आया। मैदान में जगमगाती रोशन के साथ देर रात तक हाई बीट म्यूजिक के साथ युवा कदमताल करते नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे प्रतिभागियों ने गरबा में जमकर उत्साह दिखाया।**

**रायपुर।** रात 8 बजे सदस्यों ने माता की आरती की। इसके बाद रास गरबा प्रारंभ हुआ। आरती के बाद जैसे ही गरबा की धुन शुरू हुई, प्रतिभागियों के कदम थिरकने लगे। जैसे-जैसे म्यूजिक की रिदम तेज होती गई, गरबा सर्कल में भी जोश और स्पीड बढ़ती रही। आशीर्वाद भवन में गुजराती लोहाणा महाजन के गरबा में समाज के लोग परिवार के साथ पहुंचे। इस दौरान लड़कियों को सुरक्षा का संदेश दिया गया। अध्यक्ष किशन मिरानी ने बताया, पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक रूप से चौकड़ी, छकड़ी, तीन ताल और सनेडो को पूर्णतः पारिवारिक माहौल में खेला जा रहा है। प्रभारी प्रकाश पारपाणी ने बताया, सोमवार को वस्त्र सज्जा और मयूर पंखों के साथ नृत्य प्रस्तुति दी गई।



आशीर्वाद भवन





अशोका रॉयल सोसायटी



### श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम...

अशोका रतन में गुजराती गीतों और पुराने गानों के साथ माता की अराधना करते हुए गरबा नृत्य किया गया। कार्यक्रम में इसके बाद तू प्यार का सागर है.., श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम.., गंगा मैया, जय-जय संतोषी माता, नदी किनारे... जैसे धीमे बीट्स के गीतों पर पर पारंपरिक गरबा हुए। वहीं गुजराती गीतों पर गरबा और डांडिया ने रंग जमाया। रास-उल्लास की इस खूबसूरत रात में सनेडो, भाई-भाई जैसे गरबा फॉर्म में फ्री स्टाइल की भी धूम मची।



### डिफरेंट लुक से खींचा ध्यान

गुढ़ियारी के मंगलम भवन में थिरकते सैकड़ों लोगों को गरबा करते देखने भी बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंचे थे। ढोलिना ढोल..,छोगाड़ा तारा..,हे नाम रे..,राधा ने श्याम...जैसे गाने ट्रेंडिंग में रहे। गरबा को लेकर युवाओं में एनर्जी देखते ही बनी। अलग-अलग स्टेप में चार से पांच घंटे लगातार गरबा नृत्य किया। प्रतिभागी डिफरेंट लुक और स्टाइल में गरबा करते नजर आए। निर्णायकों को आकर्षित करने गरबा प्रतिभागी राधा-कृष्ण और मां दुर्गा की वेशभूषा में पहुंचे। युवक-युवतियां साफे, मुकुट, पारंपरिक पगड़ी और टोपियां पहनकर आए थे। गरबे के साथ लोगों ने फूड जोन में व्यंजनों का मजा लिया।

### 9 से ग्रैंड इंपीरिया और ललित महल में भी शुरू होगा हरिभूमि का गरबा

हरिभूमि और आईएनएच की ओर से आयोजित गरबा गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान में नौ दिनों तक चलेगा। इसके अलावा 9 से 11 अक्टूबर तक ग्रैंड इंपीरिया और ललित महल भव्य रास गरबा का आयोजन शहर में किया गया है। इन दोनों जगहों पर प्रवेश के लिए पास व्यवस्था बनाई गई है। रात 8 बजे आरती के बाद गरबा शुरू होगा, जो रात 11 बजे तक जारी रहेगा। प्रत्येक दिन गरबा नृत्य में उत्कृष्ठ प्रदर्शन दिखाने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम भी दिए जाएंगे। ललित महल में एक साथ 100 से अधिक लोग मैदान में गरबा का अनांद ले सकेंगें। फूड स्टॉल की भी सुविधा रहेगी।

### इन जगहों पर भी रौनक

समता कॉलोनी, गुढ़ियारी, श्रीनगर व शंकर नगर समेत विभिन्न होटल में बड़ों के साथ छोटे बच्चे भी गरबा की रौनक बढ़ा रहे हैं। छोटे बच्चे पापंरिक गरबा परिधान पहनकर डांस कर रहे हैं। नन्हे पैरों के साथ थिरकते बच्चों ने हर किसी का मन लुभाया। गरबा में शामिल होने देर रात तक लोग पहुंचते रहे।

## गौ-संसद में बोले शंकराचार्य- जिस दिन गोहत्या रुकेगी, उस दिन से हमारा कर्ज उतरना शुरू होगा



**रायपुर।** जगद्गुरु शंकराचार्य रायपुर आने के बाद शंकराचार्य चौक पहुंचे, जहां गौ-ध्वज की स्थापना के बाद पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए पिछले 22 सितंबर 2024 को अयोध्या धाम में पहुंचकर रामकोट की परिक्रमा करते हुए इस यात्रा की शुरुआत की थी। यह ऐतिहासिक यात्रा पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में जाने के बाद गो-प्रतिष्ठा ध्वज की स्थापना हुई। राजधानी में इस ऐतिहासिक यात्रा को विगत दिनों तब एक बड़ी सफलता मिली, जब शंकराचार्य के निर्देश पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देसी (रामा) गाय को राज्यमाता घोषित कर कैबिनेट के प्रस्ताव की कॉपी शंकराचार्य के चरणों में रखी। भक्तों को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि गौ गंगा कृपाकांक्षी गोपालमणि का यह आंदोलन पवित्र है, इसलिए आंदोलन को बल देने के लिए हम इस अभियान में लगे हुए हैं।

### गोमाता को हत्यारों से बचाने कानून बनाएं

शंकराचार्य ने कई शास्त्रों के प्रसंगों के माध्यम से बताया कि जिस तरह से माता दी जाने वाली यातना का पाप और कर्ज बढ़ रहा है, वह तभी उतरेगा, जब हम गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने में सफल होंगे। बेहतर होगा कि इसके लिए खुद सजग होकर काम करें। अब ऐसे लोगों को ही राज्य और केंद्र की सत्ता सौंपें, जो अपने घोषणापत्र में यह भरोसा दिलाए कि सरकार बनने के बाद वे गोमाता को हत्यारों के चंगुल से बचाने के लिए कानून बनाएंगे।

## प्लांटेशन वनडे शो नहीं



**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कला संकाय के तत्वाधान में यह व्याख्यान रखा गया। ग्रीन आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा, प्लांटेशन कोई वनडे शो नहीं है, इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य हर नागरिक को रोपण करना चाहिए। आने वाला भविष्य ग्लोबल वार्मिंग से पूरी तरह ग्रसित होगा। प्रदूषण बचाने के लिए अपने घर के आस-पास सफाई पर विशेष ध्यान दें। बरसाती मेंढक की तरह आवाज लगाने से पर्यावरण को नहीं बचाया जा सकता। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी, कला संकाय के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू, श्वेता शर्मा, राकेश चंद्राकर, किरण अग्रवाल एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के कला परिषद और अंग्रेजी परिषद का भी गठन किया गया। गठन के बाद पद और गोपनीयता की शपथ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दिलाई गई।

## रविवि बताएगा-कैसे दें सवालों का जवाब? पीएससी के लिए तैयार किए जाएंगे छात्र

### यूजीसी नेट कोचिंग के बाद अब पीएससी साक्षात्कार के लिए मॉक इंटरव्यू रखेगा रविवि

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि अब छात्रों को बताएगा कि वे किस तरह से सवालों के जवाब दे सकते हैं। इसके लिए ना सिर्फ कक्षाएं लगेंगी, बल्कि मॉक इंटरव्यू भी होगा। इसमें विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे और वे पीएससी की तर्ज पर छात्रों से सवाल-जवाब करेंगे। इसके लिए रविवि ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थियों को आवेदन भरने होंगे। छात्र रविवि के कला भवन स्थित यूजीसी कोचिंग सेंटर से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य सेवा परीक्षा 2023 के साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए यह व्यवस्था की गई है। इससे संबंधित जानकारी भी यूजीसी कोचिंग सेंटर से प्राप्त कर सकते हैं।

गौरतलब है कि सीजी पीएससी द्वारा बीते सप्ताह राज्य सेवा मुख्य परीक्षा



2023 के रिजल्ट जारी किए गए थे। 242 पदों के लिए आयोजित मुख्य परीक्षा में 3597 उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिसमें से 703 उम्मीदवारों का चयन इंटरव्यू के लिए किया गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पिछले साल 17 सेवाओं के लिए 242 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इन पदों पर साक्षात्कार के बाद नियुक्ति की जाएगी।

### नेट के लिए पहले ही कोचिंग

रविवि ने यह व्यवस्था इसलिए की है ताकि ऐसे छात्र जो आर्थिक रूप से संपन्न नहीं हैं और सेल्फ स्टडी करके साक्षात्कार में चयनित हुए हैं, उन्हें अभ्यास का मौका मिल सके। मॉक टेस्ट के दौरान छात्रों को विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार के टिप्स दिए जाएंगे। साथ ही उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह की गलतियां इंटरव्यू के दौरान नजरअंदाज की जानी है और किन बातों का ध्यान रखना है। गौरतलब है कि रविवि पहले ही छात्रों के लिए यूजीसी नेट की कोचिंग कक्षाएं संचालित करता है।




## दुर्गोत्सव 2024



रामकुंड जन कल्याण समिति



श्री जय ठाकुर देव दुर्गोत्सव समिति, सारथी पारा


श्री श्री महेश कॉलोनी दुर्गोत्सव समिति, गुढ़ियारी


फ्रेंड्स क्लब नव युवक दुर्गोत्सव समिति, पुलिस लाइन


जागृति क्लब दुर्गोत्सव समिति, कायस्थ पारा


नव दुर्गोत्सव समिति, सोनकर बाड़ी, कुशालपुर


श्री जय मां शक्ति दुर्गोत्सव समिति, साहू पारा, खमतराई

# सर्जिकल स्ट्राइक में किया था नाइट विजन दूरबीन व ड्रोन का प्रयोग

## साइंस कॉलेज मैदान में सशस्त्र सैन्य समारोह का समापन

**भारतीय सेना जब सरहद में दुश्मनों से लड़ाई करती है, तब उसके दिल और दिमाग में हमेशा देश की सुरक्षा पहले होती है। इसलिए भले ही जंग में जान चली जाए, लेकिन देश पर आंच आने नहीं देते हैं। सशस्त्र सैन्य समारोह के अंतिम दिन जवानों ने जोशीले अंदाज में संघर्ष की कहानी सुनाई। समापन में राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल के साथ लोगों को सेना के हथियारों के बारे में जानकारी दी गई।**



**रायपुर।** हथियार की मारक क्षमता और उसकी तकनीक की जानकारी भी प्रदर्शनी में आए लोगों से साझा की गई। दिनभर में हजारों की संख्या में लोग सेना की प्रदर्शनी को देखने पहुंचे। राज्यपाल ने कहा, सेना में शामिल होने का अर्थ केवल नौकरी पाना नहीं है, बल्कि अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पण की भावना से ओत-प्रोत होना है। हर सैनिक में त्याग, साहस और कर्तव्य परायणता की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। इसमे महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा उप-क्षेत्र के ब्रिगेडियर अमन आंनद को छग शासन की ओर से मानपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, रामप्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक विवेक शर्मा व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### अंतिम दिन तक नहीं हो सकी लैंडिंग

समापन आतिशबाजी के साथ हुआ, जहां दर्शकों ने सेना के अद्भुत कौशल और वीरता का प्रदर्शन देखा। ब्रिगेडियर अमन आनंद ने भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियारों और टैंक की विस्तृत जानकारी दी। समारोह की शुरुआत घुड़सवारी में जवानों द्वारा दिखाए गए कौशल से हुई, जिसमें 18 वर्षीय प्रिंस ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। सूबेदार के नेतृत्व में सैन्य बैंड ने देशभक्ति की 11 धुनें प्रस्तुत कीं, जिनमें ऐ मेरे वतन के लोगों... जैसे धुन भी शामिल थे। सेना के प्रदर्शन कार्यक्रम में हेलीकॉप्टर से रस्सी के सहारे कमांडोज उतरने वाले थे, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए इसे एयरफोर्स ने अनसेफ बताया, जिसकी वजह से हेलीकॉप्टर की लैंडिंग नहीं हो सकी। लैंडिंग के दौरान ग्राउंड में उड़ रहे टेंट के कपड़ों के कारण यह स्थिति निर्मित हुई।









## इसकी मदद से उड़ाए हेडक्वार्टर

### आधुनिक हथियारों की रही अहम भूमिका

प्रदर्शनी देश के विभिन्न जंगों में शहीद हुए जवानों के साहस के बारे में बताया गया। इस दौरान लोगों ने जवानों से पूछा कि रात के समय में सर्जिकल स्ट्राइक किस तरह हुई थी? जिस पर जवानों ने बताया कि भारतीय सेना ने दुश्मन के मंसूबों को नाकामयाब करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक करने का फैसला लिया था। इस ऑपरेशन में सबसे अहम भूमिका आधुनिक हथियारों की थी। जवानों के पास नाइट विजन दूरबीन और कैमरा और ड्रोन था, जिसकी मदद से जवान दुश्मनों के हेड-क्वार्टर तक पहुंच सके।

### दूसरे जिलों से पहुंचे युवा

समारोह के दौरान एनसीसी के कैडेटों का शानदार घुड़सवारी प्रदर्शन, जाबांज सैनिकों का डेयर डेविल मोटर साइकिल शो, गोरखा रेजिमेंट का खुखरी डांस प्रस्तुतिकरण, हेलीकॉप्टर से सलामी, सैन्य छापेमारी, मिलिट्री बैंड कॉन्सर्ट एवं अन्य विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। अंतिम दिन होने से प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए रायपुर सहित दूसरे जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सबसे ज्यादा युवाओं की संख्या रही। प्रदर्शनी में लोगों को लाने ले जाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से निशुल्क बस सेवा का इंतजाम किया गया था।

### टैंक के भीतर जाकर लोगों ने किया अवलोकन

प्रदर्शनी में 9 किलोमीटर तक हमला करने वाले टी-90 भीष्म टैंक के भीतर जाकर लोगों ने अवलोकन किया। इसके साथ ही लड़ाकू वाहन को मार गिराने वाले स्ट्रेला-10 एम को इस्तेमाल करने का तरीका जाना। हथियारों को करीब से देखने और छूने के लिए लोगों ने जवानों को धन्यवाद भी कहा। इसके अलावा पानी में चलने वाली बीएमपी टू, लड़ाकू वाहन को मार गिराने वाला स्ट्रेला 10 एम, जेडयू-23 गन के साथ आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन, एके-47, टैवोर जैसी गन और ग्लॉक पिस्टल देखने को मिली।

# पंचमी पर होगा देवी का विशेष श्रृंगार, बंगाली समाज आज करेगा स्थापना, कल धूप नृत्य





**रायपुर।** दो दिन चतुर्थी होने के कारण सोमवार को भी शहर के देवी मंदिरों में सुबह मंत्रोच्चार के साथ मां कुष्मांडा की पूजा हुई। पंचमी पर आज देवी मंदिरों में विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसे देखते हुए सभी देवी मंदिर प्रबंधन ने भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। इसके पहले सोमवार को महिलाओं और पुरूषों की लाइन भी देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ ज्योति कलश का दर्शन करने वालो की रही। इसे देखते हुए प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए अलग-अलग रास्ते तय किए गए हैं, ताकि दर्शन करने वालों की भीड़ ज्योत कक्ष में न बढ़ने पाए।

### देर रात तक लगा भक्तों का मेला

रावांभाठा बंजारी धाम में दूरदराज से दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को माता का दर्शन करने के बाद ज्योति कलश कक्ष तक जाने के लिए लाइन में लगना पड़ा। बिलासपुर मुख्य मार्ग तक भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल मुस्तैद नजर आया। इसके बाद भी मंदिर की तरफ कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए वालेंटियर्स को भी सहयोग के लिए तैनात किया गया था। कुछ इसी तरह की स्थिति पुरानीबस्ती के शीतला माता, महामाया मंदिर सहित कंकालीपारा स्थित कंकाली मंदिर में भी देखने को मिली।

### सड़क में लगी लंबी कतार

आकाशवाणी चौक में ज्योति कलश का दर्शन करने श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा। सुबह माता का श्रृंगार, पूजा करने के बाद आरती की गई। इसके चलते भक्तों को मंदिर में ही नहीं बल्कि बाहर खड़े होकर दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी तैनात नजर आई। शाम को यहां सड़क तक लंबी कतार लगी। दंतेश्वरी माता में माता की मंत्रोच्चार के साथ पूजा-आरती की गई। मनौती का नारियल भी लोगों ने मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी बांधा।

### सभी दुर्गा पंडालों में नियमों का पालन

बंगाली कालीबाड़ी में पंचमी तिथि से दुर्गा पूजा का नियम शुरू किया जाएगा। तन्मय चटर्जी और प्रवीर सेनशर्मा ने बताया कि दुर्गा पूजा स्थल पर पंचमी को विशेष पूजा के साथ उत्सव का शुभारंभ होगा। षष्ठी तिथि को सुबह पूजा-अर्चना के बाद शाम साढ़े सात बजे से महिलाएं माता के दरबार में धूप नृत्य करेंगी। इस नियम का पालन सभी दुर्गा पंडालों में परंपरा के तहत किया जाता है।



# लाइफस्टाइल में बदलाव का असर सेहत पर, चिकित्सक भी करें तनाव प्रबंधन

**रायपुर।** मेडिकल कॉलेज में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता लीलावती हॉस्पिटल मुंबई के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.हरेश मेहता रहे। उन्होंने समय के सदुपयोग और लाइफस्टाइल मे सकारात्मक बदलाव पर अपने विचार रखे। डॉ.स्नेहल देशपांडे ने तनाव प्रबंधन और इससे गर्भावस्था मे होने वाले अनुकूल प्रभाव पर अपने बहुमूल्य विचार रखें। इस कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत होने, कार्यक्षेत्र और दैनिक जीवन में तनाव से बचाव और ध्यान के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। पं जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, के टेलीमेडिसन हॉल में इंडियन सोसाइटी ऑफ असिस्टेड रिप्रोडकशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सोसाइटी ऑफ पेरीनैटोलॉजी एंड रिप्रोडकटीव बायोलॉजी एवं "हार्टफुलनेस" के संयुक्त तत्वावधान में यह तीन दिवसीय कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों, मरीजों और परिवारजनों में तनाव से निपटने की क्षमता विकसित करना था। डीन डॉ.तृप्ति नागरिया, डॉ.आलोकचंद्र अग्रवाल, डॉ.बीएस नेताम, डॉ.राकेश गुप्ता मौजूद रहे।

### स्त्री रोगों को प्रभावित करता है तनाव

पुणे से आए हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष कुलकर्णी ने स्वभाव के लचीलेपन और उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव पर व्याख्यान दिया। डॉ.प्रज्ञा सूर्यवंशी द्वारा तीन सत्रों में ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने स्त्रीरोग के संबंध में तनाव के प्रभाव पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में करीब 150 चिकित्सकों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने अलग-अलग सत्रों मे सहभागिता की। सभी ने ध्यान सत्र का लाभ उठाते हुए तनाव मुक्ति संबंधित जानकारियां हासिल की।

## शहर के कंकाली पारा स्थिति कंकाली मंदिर से जुड़ी है लोगों की आस्था

# श्रीयंत्र की आकृति में गर्भगृह, वास्तु के लिहाज से तालाब भी फलकारी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक से एक-डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित कंकाली मंदिर को करीब 700 साल पहले नागा साधुओं द्वारा बनवाया गया है। कंकाली मंदिर सहित तालाब भी वास्तु के अनुरूप है। वास्तु के प्रभाव से मंदिर और तालाब दोनों ही प्रसिद्ध हैं। तालाब के पानी में औषधीय गुण होने की मान्यता है। इसके चलते भक्त यहां स्नान करते हैं, ताकि उनका चर्मरोग ठीक हो जाए। मुख्य मंदिर पश्चिम दिशा में है। द्वार एवं माता की प्रतिमा का श्रीमुख पूर्व दिशा में है। इसे वास्तु के लिहाज से उत्तम फलकारी भी माना जाता है। मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा ने बताया कि इस मंदिर में माता का गर्भगृह श्रीयंत्र की आकृति में है। नागा सन्यासी महंत कृपाल गिरी ने इसे तांत्रिक विधि से सिद्ध किया था, जो लोगों को मनोरथ पूर्ण करने का कारक भी है। इस वजह से दूर-दराज से लोग दर्शन के लिए आते हैं।



### साधुओं ने करवाया था निर्माण

देश में वास्तु शास्त्र का प्रचलन हजारों वर्ष से है। ऋषि मुनि और राजा-महाराजा जब भी भवन, तालाब और मंदिरों का निर्माण करवाते थे, तो उस समय वास्तु के जानकारों से परामर्श लेते थे। ऋषि-मुनियों से पूरे निर्माण की चर्चा करके फिर निर्माण प्रारंभ करते थे। ऐसा ही मंदिर 700 साल पहले तंत्र-मंत्र करने वाले नागा साधुओं ने प्राकृतिक रूप से एक बहुत बड़े गड्ढे को तालाब का रूप देकर किया। इसके बगल में स्थित छोटी सी पहाड़ी पर मंदिर का निर्माण करवाया था। जो आबादी बढ़ने और भवनों की ऊंचाई के चलते दूर से नजर नहीं आता है।

### पूर्व और ईशान कोण में तालाब

समय के साथ यह पहाड़ी समतल सड़क का रूप ले चुकी है और चारों तरफ घना इलाका बस चुका है। राजधानी के वास्तु सलाहकार ज्योतिषाचार्य शर्मा बताते हैं कि मंदिर की बनावट पूरी तरह से वास्तु के नियमों के अनुसार की गई है। कंकाली माता का मुख्य मंदिर पश्चिम दिशा में स्थित है और माता का श्रीमुख पूर्व दिशा में है। मंदिर के चारों दिशाओं में सड़क है। मंदिर के पूर्व और ईशान कोण में बहुत बड़ा और गहरा तालाब है, जो वास्तु के अनुकूल शुभकारी है। इसके चलते मंदिर के प्रति लोगों की आस्था समय के साथ बढ़ने लगी है।

### यह है मंदिर की खासियत

मंदिर के पश्चिम दिशा में स्थित सड़क, पूर्व दिशा की सड़क से 10 फीट ऊंची है। मंदिर परिसर में भूखंड का ढाल पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर है। मुख्य मंदिर से 50 फीट नीचे तालाब के अंदर भगवान शिवलिंग है, जो तालाब के बीचों-बीच है। तालाब का पानी कभी नहीं सूखता है। सालभर मंदिर पानी में डूबा रहता है। शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाता है, लेकिन यहां पर भगवान स्वयं ही जलसमाधि लिए हुए हैं। इस तरह का दुर्लभ मंदिर शहर का इकलौता है। जहां लोग चर्म रोग से मुक्ति पाने के लिए स्नान करने के लिए भी आते हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

## सॉफ टेनिस में दूसरे दिन 19 वर्ष वर्ग में बिलासपुर ने जीता मुकाबला



**रायपुर।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला चौबे कालोनी रायपुर के टेनिस कोर्ट में सॉफ टेनिस बालक वर्ग का मैच खेला गया। विजेता खिलाड़ियों कोप्राचार्या भावना तिवारी और सॉफ टेनिस एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद ठाकुर ने पदक प्रदान किया। वहीं एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद ठाकुर द्वारा चार रेकेट प्रदान किया, जिसमें रायपुर संभाग के 14 वर्ष बालको ने पहले मैच में सरगुजा को 3.0 फस्ट डबल्स में परास्त सिंगल में 3.1 जीती और सेकेंड डबल्स में 3.0 से परास्त कर सेमीफाइनल में रायपुर पहुंच गई। जहां रायपुर ने दूर्ग को 3.0 3. 0 से परास्त कर रायपुर ने बिलासपुर को सीधे सेटों में परास्त कर रायपुर विजेता बनी। 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने पहले मैच में दुर्ग 3.0 3.0 3.0 से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां सरगुजा को भी सीधे सेटों में हराकर फाइनल में प्रवेश की जहां बिलासपुर का रायपुर से मुकाबला हुआ बिलासपुर विजेता बनी।

## राजीव ने आपरेशन के बाद जीता टेबल टेनिस में पहला खिताब



**रायपुर।** टेबल टेनिस संघ द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में आयोजित जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हुई।

सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि सभी वर्गों के अंतिम सुपर लीग मुकाबले में मुख्य रूप से राजीव साहू ने सीनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता, अर्जुन मल्होत्रा ने यूथ अंडर-19 (यूथ) एवं यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक वर्ग का खिताब जीता, कु. समाया पांडे ने यूथ अंडर -17 (जुनियर), यूथ अंडर-15 (सब जुनियर), यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग में खिताब जीता एवं सीनियर महिला वर्ग, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग में उपविजेता बनी तथा आरना खोटेले ने यूथ अंडर-19 (यूथ) में विजेता एवं यूथ अंडर-17 (जूनियर) में उपविजेता बनी। पुरुष वर्ग विजेता राजीव साहू का कुछ समय पहले दुर्घटना में गंभीर चोटें आयी थी, जिससे उनके बायें हाथ का आपरेशन हुआ था जिसके उपरांत उन्होंने पहला खिताब जीता है।प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि गरियाबंद जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर इंश्योरेंश इंस्टीट्यूट के सचिव एन. जगन्नाथ राव ने किया।

## नारायणपुर की आसान जीत, गौरव ने बनाए 49 रन


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 19 प्लेटग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट वनडे टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है,जिसमेंछत्तीसगढ़ की विभिन्न 1 5टीम ने भाग लिया है। सोमवार को मैच दंतेवाडा और नारायणपुर के मध्य कांकेर में खेला गया। दंतेवाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।तेवाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 98 रन ही बनाये। दंतेवाडा की ओर से ज्ञान यादव ने सर्वाधिक 24 रन तथा पृथ्वीराज चौहान ने 18 रन बनाये।

वहीं नारायणपुर की ओर से भावेष कुमार ने 5 विकेट तथा राहुल जैन ने 3 विकेट प्राप्त किये। 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नारायणपुर की टीम ने 23.1 ओवरों में 5 विकेट खोकर 99 रन बना लिये तथा आसानी से मैच जीत लिया। नारायणपुर की ओर से गौरवनाग ने सर्वाधिक 49 रन तथा सत्यम देवांगन ने 17 रनों का योगदान दिया। वहीं दंतेवाडा की ओर से आयुश निकुंज ने 2 विकेट प्राप्त किए।

### अनहेल्दी स्नैक्स में उच्च कैलोरी होती है, जो वजन बढ़ाने में योगदान करती है

# वजन घटाने के लिए नाश्ता छोड़ना सही नहीं, इससे हो सकते हैं कई नुकसान

कई लोग मानते हैं कि नाश्ता छोड़ने से वजन कम किया जा सकता है। यह धारणा काफी लोकप्रिय है, लेकिन क्या यह सच में प्रभावी है? नाश्ता हमारे दिन की शुरुआत का अहम हिस्सा होता है और इसे छोड़ने से कई समस्याएं हो सकती हैं। आइए इसके पीछे की सच्चाई जानते हैं और समझते हैं कि नाश्ता छोड़ना वजन घटाने का सही तरीका क्यों नहीं हो सकता।





### ऊर्जा में हो सकती है कमी

नाश्ता हमारे शरीर को दिनभर की ऊर्जा प्रदान करता है। अगर हम इसे छोड़ देते हैं तो हमें थकान महसूस होती है और हमारी कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है। इससे शारीरिक गतिविधियों में कमी आ सकती है, जो वजन घटाने के लिए जरूरी होती हैं। इसके अलावा ऊर्जा की कमी से हमारा मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो सकता है, जिससे वजन घटाना और मुश्किल हो जाता है।

### नाश्ता छोड़ने का होता है बुरा असर

नाश्ता हमारे मेटाबॉलिज्म को शुरू करने में मदद करता है। जब हम सुबह का भोजन नहीं करते तो हमारा मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। इससे कैलोरी बर्न करने की क्षमता कम हो जाती है और वजन घटाने में मुश्किल होती है। धीमा मेटाबॉलिज्म ऊर्जा स्तर को भी प्रभावित करता है, जिससे दिनभर थकान महसूस होती है। इस कारण से नाश्ता छोड़ना वजन घटाने के लिए सही तरीका नहीं हो सकता। सही पोषण और नियमित एक्सरसाइज ही बेहतर उपाय हैं।

### नाश्ता छोड़ने से बढ़ती है भूख

जब आप सुबह का नाश्ता छोड़ते हैं तो दोपहर तक भूख बहुत बढ़ जाती है। इससे आप ज्यादा खाना खाते हैं और अनहेल्दी स्नैक्स की ओर आकर्षित होते हैं। भूख बढ़ने के कारण आप जल्दी-जल्दी और अधिक मात्रा में खाना खाने लगते हैं, जिससे वजन घटने के बजाय बढ़ सकता है। इसके अलावा अनहेल्दी स्नैक्स में उच्च कैलोरी होती है, जो वजन बढ़ाने में योगदान करती है। इसलिए नाश्ता छोड़ना वजन घटाने का सही तरीका नहीं हो सकता।

### नाश्ते में चुनें स्वस्थ विकल्प

वजन घटाने के लिए जरूरी नहीं कि आप नाश्ता छोड़ें। इसके बजाय स्वस्थ विकल्प चुनें जैसे फल, ओट्स या दही। ये आपको पोषण देंगे और आपकी भूख को नियंत्रित करेंगे। नाश्ता करने से आप दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे और अनहेल्दी स्नैक्स से बच सकेंगे। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि नाश्ता छोड़ना वजन घटाने का सही तरीका नहीं हो सकता।

## व्रत के समय बनाकर खाएं अनोखे व्यंजन, बेहद आसान है इनकी रेसिपी

नवरात्रि के आगमन से चारों तरफ दुर्गा माता के भजन सुनाई देते हैं और लोग उनकी भक्ति में लीन नजर आते हैं। इस पावन त्योहार पर कई भक्त उपवास रखते हैं और फलाहार भोजन का ही सेवन करते हैं। हालांकि, हर बार साबूदाने की खिचड़ी, कुट्टू के आटे की पूड़ी आदि जैसे व्रत वाले भोजन खा-खाकर मन ऊब सा जाता है। ऐसे में आप उपवास में खाए जाने वाले स्वादिष्ट और अनोखे व्यंजनों की रेसिपी आजमा सकते हैं।



**समा चावल के अप्पे :** समा चावल के अप्पे बनाने के लिए समा चावल को भिगो लें। एक पैन में घी गर्म करके उसमें जीरा, हरी मिर्च और करी पत्ते डालें। अब इस पैन में समा चावल डालकर अच्छी तरह मिलाएं, ताकि घी वाला मिश्रण चावल में लग जाए। इसमें सेंधा नमक और पानी डालकर पकने दें। जब चावल अच्छी तरह से पक जाएं तो इन्हें पीस लें और पतला बैटर तैयार करें। इस मिश्रण को अप्पे बनाने वाले सांचों में डालकर भांप में पकाएं।

**व्रत की कढ़ी :** एक बर्तन में दही लेकर उसमें कुट्टू का आटा और पानी मिलाएं। एक पैन में घी गर्म करें और उसमें जीरा और मिर्ची-अदरक का पेस्ट भून लें। अब गैस को धीमा करके पैन में दही वाला मिश्रण डाल दें। इसमें सेंधा नमक डालें और चुटकीभर चीनी भी मिला दें। जब आपकी कढ़ी गाढ़ी हो जाए तो गैस को बंद कर दें और इसका आनंद लें। आप इसे कुट्टू के आटे की पूड़ी या समा चावल के साथ खा सकते हैं।

**काशी हलवा :** काशी हलवा कर्नाटक की पारंपरिक मिठाई है, जिसे त्योहारों पर बनाया जाता है। आप इसे नवरात्रि के उपवास के दौरान बनाकर खा सकते हैं। इसके लिए कच्चे कद्दू को धोकर कद्दूकस कर लें और उसका अतिरिक्त पानी निचोड़ लें। एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें कद्दूकस किया हुआ कद्दू डालें।

## एक चम्मच घी में एक चुटकी काली मिर्च मिलाकर खाने से मिल सकते हैं कई फायदे

जहां देसी घी खाने का स्वाद और सुगंध बढ़ाता है, वहीं काली मिर्च खान-पान की चीजों में तीखापन जोड़ती है। इसलिए लगभग हर भारतीय रसोई में इन दोनों के डिब्बे जरूर होते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि सुबह खाली पेट देसी घी और काली मिर्च पाउडर को एकसाथ मिलाकर खाने से इनके फायदे दोगुने हो सकते हैं। दरअसल, एक चम्मच देसी घी में एक चुटकी काली मिर्च पाउडर मिलाने से ये एक आयुर्वेदिक औषधि बन जाते हैं।

**पाचन तंत्र को मिल सकती है मजबूती :** देसी घी और काली मिर्च का मिश्रण खाने से पाचन तंत्र को मजबूती मिल सकती है। देसी घी में मौजूद ब्यूटिरिक एसिड एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण की तरह काम करके पाचन क्रिया को चिकना कर सकता है। दूसरी ओर, काली मिर्च में मौजूद पिपेरिन यौगिक गैसट्रिटिस (पेट की परत में सूजन और जलन), पेट में ऐंठन और दर्द जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं से बचाव करने में मदद कर सकता है। यहां जानिए गुड़ और काली मिर्च को एकसाथ खाने के फायदे।



### मानसिक स्वास्थ्य में कर सकता है सुधार

गतिहीन जीवनशैली, गलत खान-पान, व्यस्त दिनचर्या और तनाव जैसे कई कारक मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, देसी घी और काली मिर्च का रोजाना सेवन मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकता है। देसी घी में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो दिमाग को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त काली मिर्च को भी दिमाग के लिए अच्छा माना जाता है।देसी घी और काली मिर्च का सेवन इम्यूनिटी को बेहतर करने में भी सहयोग प्रदान कर सकता है। दरअसल, देसी घी में कंजगेटेड लिनोलेनिक नामक एसिड पाया जाता है, जो इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद कर सकता है।



## नवरात्रि में दिन के अनुसार करें कन्याओं को दान, मिलता है माँ का आशीर्वाद

मां दुर्गा के इस पर्व पर नवरात्रि स्थापना के दिन घट स्थापना की जाती हैं और अगले नौ दिन मातारानी के विभिन्न स्वरूपों की पूजा करते हुए उन्हें भोग लगाया जाता है। इन दिनों में कन्याओं के दान का बहुत महत्व है जिससे मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और आशीर्वाद देती हैं लेकिन कन्याओं को दान दिन के अनुसार दिया जाए तो बेहतरीन परिणाम मिलते हैं। आइये जानते हैं कि नवरात्रि के कौनसे दिन कन्याओं को क्या दान किया जाना चाहिए।

**नवरात्रि का पहला दिन :** नवरात्रि प्रथम दिन कन्याओं को सुगंधित और ताजा फूल भेंट में देना शुभ होता है। इसके साथ ही, कोई श्रृंगार सामग्री भी अवश्य दें। अगर आप मां सरस्वती को प्रसन्न करना चाहते है तो सफेद पुष्प छोटी कन्याओं को दें। अगर धन संबंधी कार्यों में सफलता पाना चाहते हैं तो लाल पुष्प देकर किसी कन्या को खुश करें।



**नवरात्रि का दूसरा दिन :** नवरात्रि के दूसरे दिन कन्याओं को फलों का दान करें। इसके बाद कन्याओं का पूजन करें। फलों का दान करने से व्यक्ति की स्वास्थ्य और धन संबंधी कामनाएं पूर्ण होती हैं। ध्यान रखें, फल खट्टे नहीं होना चाहिए, मीठे फलों का दान करें।

**नवरात्रि का तीसरा दिन :** नवरात्रि के तीसरे दिन कन्याओं को स्वादिष्ट मिठाई का दान करना चाहिए। यदि आप चाहें तो इस दिन घर पर बनी खीर, हलवा या केशरिया चावल का दान भी कर सकते हैं।

**नवरात्रि का चौथा दिन :** नवरात्रि के चौथे दिन कन्याओं को वस्त्रों का दान करें। अपने सामर्थ्य के अनुसार रुमाल या रंगबिरंगे रिबन भी दिए जा सकते हैं।

**नवरात्रि का पांचवां दिन :** नवरात्रि के पांचवें दिन कन्याओं को पांच प्रकार की श्रृंगार सामग्री देना शुभ होता है। बिंदिया, चूड़ी, मेहंदी, बालों के लिए क्लिप्स, सुगंधित साबुन, काजल इत्यादि चीजें दी जा सकती हैं। ऐसा करने पर देवी मां से सौभाग्य और संतान संबंधी सुख प्राप्त होता है।

**नवरात्रि का छठवां दिन :** नवरात्रि के छठवें दिन छोटी-छोटी कन्याओं को खिलौने देने चाहिए। अपनी श्रद्धा के अनुसार खेल सामग्री का दान करें।

**नवरात्रि का सातवां दिन :** नवरात्रि के सातवें दिन मां सरस्वती की कृपा पाने का दिन है। इस दिन कन्याओं को शिक्षण सामग्री का दान करना चाहिए। पेन, स्केच पेन, पेंसिल, कॉपी, ड्रॉइंग बुक्स, वाटर बॉटल, कलर बॉक्स आदि चीजें दान की जा सकती हैं।

**नवरात्रि का आठवां दिन :** नवरात्रि के आठवें दिन आप स्वयं किसी कन्या का पूर्ण श्रृंगार करें और उसका पूजन करें। इस दिन कन्या के पैरों का पूजन दूध से करें। पैरों पर कुमकुम, चावल और पुष्प अर्पित करना चाहिए। कन्या को भोजन कराएं और सामर्थ्य के अनुसार कोई भी भेंट भी दें।

**नवरात्रि का नवां दिन :** नवरात्रि के अंतिम दिन कन्याओं को खीर खिलाएं। दूध और आटे से बनी पूरियां खिलाएं। कन्याओं के पैरों में महावर और हाथों में मेहंदी लगाने से देवी पूजा पूर्ण होती है। पूर्ण पूजन के बाद कन्याओं को अंत में लाल चुनरी भेंट करें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ साईं कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम) गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया, बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
• हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

CCTV
Biometrics
Fire Safety
Video Conf.
Networking & IT Solutions
Vehicle Traking
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

FESTIVE SPECIAL OFFER
Bedsheet Factory
मानसरोवर
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मैडोना के छोटे भाई क्रिस्टोफर सिस्कोन का निधन



**लॉस एंजिल्स।** मैडोना के छोटे भाई क्रिस्टोफर सिस्कोन का शुक्रवार को 63 साल की उम्र में मिशिगन में कैंसर के कारण निधन हो गया। वह निर्देशन, पेंटिंग और डिजाइन में अपने विविध कार्यों के लिए प्रसिद्ध थे और उन्होंने मैडोना को प्रसिद्धि दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। क्रिस्टोफर सिस्कोन के निधन की जानकारी टीएमजेड ने अपनी रिपोर्ट में दी है। पहले मैडोना और उनके छोटे भाई क्रिस्टोफर सिस्कोन साथ मिलकर काम करते थे। हालांकि, उनके मतभेद तब सुर्खियों में आए जब क्रिस्टोफर ने 2008 में अपना विवादास्पद संस्मरण 'लाइफ विद माई सिस्टर मैडोना' जारी किया। सिस्कोन परिवार द्वारा अपनी सौतेली मां जोन क्लेयर सिस्कोन को खोने के कुछ ही सप्ताह बाद मैडोना के भाई का निधन हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, क्रिस्टोफर कैंसर से पीड़ित थे और इस बीमारी से जंग लड़ते हुए उन्होंने शुक्रवार को दुनिया को अलविदा कह दिया। जब मैडोना का करियर शुरू हुआ, तो क्रिस्टोफर ने उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी शुरू कर दी और उनके बैकअप डांसरों में से एक के रूप में काम किया। मिशिगन में पले-बढ़े इन जुड़वा बच्चों के बीच छोटी उम्र से ही घनिष्ठ संबंध विकसित हो गए। 1970 के दशक के अंत में, क्रिस्टोफर अपनी बहन के साथ मिलकर काम करने के लिए न्यूयॉर्क शहर चले गए, जहां उन्होंने अपने व्यापक और विविध करियर की शुरुआत की।

### टॉलीवुड

## 2.0 से लेकर जेलर तक, ये हैं रजनीकांत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पांच फिल्में



**मुंबई।** अभिनेता रजनीकांत जल्द ही वेट्टैयन नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आएंगे। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी हैं। वर्षों बाद रजनीकांत और बिग बी की जोड़ी एक बार फिर से पर्दे पर नजर आएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार करेगी। इस फिल्म के सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले आज हम आपको रजनीकांत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पांच फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं। इस लिस्ट में रजनीकांत की फिल्म 2.0 का नाम सबसे ऊपर है। फिल्म में रजनीकांत डबल रोल में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन एस शंकर ने किया था। दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कुल 723.30 करोड़ की ग्रॉस कमाई की थी। इस फिल्म का बजट काफी ज्यादा था, इस वजह से इसे टिकट खिड़की पर औसत घोषित किया गया था। फिल्म जेलर साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रजनीकांत पुलिस के पूर्व अधिकारी के रूप में दिखे थे। दर्शकों को सुपरस्टार की यह फिल्म काफी ज्यादा पसंद आई थी। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म दुनियाभर में 604.5 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई करने में सफल रही थी। सूची में तीसरे नंबर पर फिल्म एन्थिरन है। इस फिल्म ने रजनीकांत के साथ ऐश्वर्या राय भी नजर आई थीं। फिल्म में सुपरस्टार गजब का एक्शन करते हुए दिखे थे। इस फिल्म ने फैंस के दिलों में एक खास जगह बनाई है। बॉक्स ऑफिस पर भी इस फिल्म ने जमकर कमाई की थी।

### भोजपुरी

## 'राजाराम' का टीजर लॉन्च, हो रही 'आदिपुरुष' से तुलना



**मुंबई।** खेसारी लाल यादव की मच अवेटेड फिल्म 'राजाराम' टीजर आउट हो गया है। फिल्म का टीजर बहुत ही दमदार है। यह पहली बार है कि किसी भोजपुरी फिल्म का टीजर यूट्यूब पर नंबर दो पर ट्रेंड कर रहा है। फिल्म का टीजर सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। फिल्म में खेसारीलाल यादव का किरदार काफी अलग और चौंकाने वाला है। जिसे देखकर ऑडियंस की एक्साइमेंट और बढ़ गई है। 'राजाराम' के इस 52 मिनट के टीजर की शुरुआत रामायण की प्रसिद्ध चौपाई 'रघुकुल रीत सदा ची आई' से शुरू होता है और इसके बाद गजब के विजुअल्स दिखाई देते हैं। इसके बाद टीजर में राम द्वारा दशरथ के पैर छूने की झलक देखने को मिलती है। श्रीराम के किरदार में खेसारी लाल यादव भागते नजर आ रहे हैं और सामने से तीरों की बौछार आ रही है। फिर वनवास समेत कई अन्य विजुअल्स से आते हैं। इसके बाद खेसारी का मॉडर्न अवतार देखने को मिलता है। कोई उनसे राम होने के बात कहता है, तो वह मना करते हैं और खुद को राजा बताते हैं। फैंस 'राजाराम' की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी की इंडस्ट्री को एक नए मुकाम पर लेके जाने के लिए खेसारी लाल जी को धन्यवाद।' दूसरे यूजर ने लिखा, '100 करोड़ कमाएगी। 'आदिपुरुष' से अच्छा लग रहा है।' तीसरे यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे बड़ी फिल्म होगी।'

## आधुनिक समावेश वाले ये पारंपरिक परिधान

लाइफ स्टाइल



नवरात्रि के साथ ही त्योहारों का मौसम शुरू हो गया। इसके बाद लगातार त्यौहार आएंगे। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है। यह पर्व 9 दिनों तक चलता है, इस दौरान लोग सच्चे मन से माता की भक्ति करते हैं और दुर्गा पूजा में शामिल होते हैं। नवरात्रि पर आप अपने पारंपरिक कपड़ों में आधुनिक स्पर्श जोड़ने के लिए इंडो वेस्टर्न शरारा सूट पहन सकती हैं। आप नवरात्रि की पूजा के दौरान पारंपरिक गुजराती कढ़ाई या डिजाइन वाली शार्ट कुर्ती पहन सकती हैं। आम तौर पर नवरात्रि में ज्यादातर महिलायें घाघरा-चोली या लेहंगा पहनना पसंद करती हैं। आप एक आधुनिक परिधान तैयार करने के लिए पारंपरिक घाघरे के साथ क्रॉप टॉप पहन सकती हैं।

## घर पर बनाकर लगाएं ये असरदार फेस प्राइमर इस्तेमाल से शानदार दिखेगा मेकअप

महिलाओं को मेकअप लगाने से पहले एक अच्छा फेस प्राइमर इस्तेमाल करना चाहिए। यह ऐसा उत्पाद है, जो आपके मेकअप को एक बढ़िया बेस प्रदान करता है। चेहरे पर प्राइमर लगाने से आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आपके रोमछिद्र भी छिप जाएंगे। वैसे तो बाजार में कई तरह के प्राइमर उपलब्ध हैं, लेकिन आप इस उत्पाद को घर पर भी बना सकते हैं। घर पर ये प्राइमर बनाएं, जो त्वचा की देखभाल में भी मदद करेंगे।

### नारियल के तेल और लैवेंडर का फेस प्राइमर

**सामग्रीः** 2 चम्मच एलोवेरा जेल या एलोवेरा जूस, एक चम्मच नारियल का तेल या बादाम का तेल और 2 चम्मच लैवेंडर एसेंशियल ऑयल विधिः नारियल के तेल में प्राकृतिक मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं और इससे आप एक कारगर फेस प्राइमर तैयार कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरा लेकर उसमें नारियल का तेल डालें। अब इसमें एलोवेर जेल या एलोवेरा जूस मिलाएं और लैवेंडर एसेंशियल ऑयल भी मिला दें। अपने चेहरे को साफ करें और मेकअप से पहले इसे लगाएं।



### ग्लिसरीन और गुलाब जल का फेस प्राइमर

**सामग्रीः** 3 चम्मच ग्लिसरीन, आधा कप गुलाब जल, एक चम्मच एलोवेरा जेल और 3 बूंद लैवेंडर एसेंशियल ऑयल। विधिः इस प्राइमर को तैयार करने के लिए एक स्प्रे बोतल लें और उसमें ग्लिसरीन डालें। अब इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल, गुलाब जल और एलोवेरा जेल भी मिला दें। इसे अच्छी तरह से मिलाएं और मेकअप करने से पहले चेहरे पर स्प्रे करें। इस फेस प्राइमर से आपकी त्वचा को नमी मिलेगी और आपको मुंहासें भी नहीं होंगे।

### एलोवेरा और विच हेजल का फेस प्राइमर

**सामग्रीः** 2 चम्मच एलोवेरा जेल, एक चम्मच मॉइस्चराइजर, 2 बूंद विच हेजल का तेल और एक चम्मच बेबी ऑयल। विधिः एक कटोरे में एलोवेरा जेल, मॉइस्चराइजर, विच हेजल का तेल और बेबी ऑयल मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इसे किसी कंटेनर में रखकर कुछ देर फ्रिज में ठंडा कर लें। मेकअप करने से पहले इसे चेहरे पर लगाएं और त्वचा में अपशोषित होने दें। यह प्राइमर त्वचा की रंगत को एक समान कर देगा और कोलेगन को बढ़ाएगा।

## गरबा-डांडिया खेलने जाएं तो ऐसे करें मेकअप, आप पर होगी सबकी नजर

फैशन



पूरी आस्था व भक्ति भाव के साथ 3 अक्टूबर से नवरात्रि का त्योहार शुरू हो गया है, जिसका समापन दशहरे के दिन होगा। इस 9 दिवसीय पर्व पर मां दुर्गा के 9 स्वरूपों को पूजा जाता है। इस दौरान लोग माता को प्रसन्न करने के लिए पूजा करते हैं और उपवास रखते हैं। हालांकि, ज्यादातर महिलाएं इस पर्व के दौरान डांडिया और गरबा खेलने का इंतजार करती हैं। आप डांडिया खेलते समय सबसे खूबसूरत दिखने के लिए ये मेकअप टिप्स अपनाएं।

**नो-मेकअप लुक अपनाएं :** नो-मेकअप सुन कर आपके मन में ख्याल आता होगा कि इस लुक में मेकअप नहीं किया जाता है। हालांकि, इस लुक को पाने के लिए हल्के रंगों और कम उत्पादों का उपयोग होता है। नो-मेकअप लुक आपकी प्राकृतिक सुंदरता को निखारता है और इसके जरिए आपके चेहरे पर मेकअप की परत नहीं बनती। इसे पाने के लिए अपने चेहरे पर हल्का फाउंडेशन, कंसीलर और ब्लश लगाएं। लुक को पूरा करने के लिए काजल और लिपस्टिक लगा लें।

**काजल लगाकर पाएं बोल्ड लुक :** अगर आपको बोल्ड यानि की अधिक मेकअप पसंद है, तो आप काजल का इस्तेमाल करके आखों को हाइलाइट कर सकती हैं। नवरात्रि के उत्सव पर स्मोकी आई लुक बेहद आकर्षक लगता है। इसके लिए अपने चेहरे पर फाउंडेशन, कंसीलर और ब्रोंजर लगाएं। अब गालों पर नारंगी टोन वाला ब्लश और हाइलाइटर लगा लें। अंत में आखों में गहरा काजल लगाकर उसे रगड़ दें। इस लुक के लिए आपको आई लाइनर की जगह भी काजल इस्तेमाल करना चाहिए।

**चमकीली आंखों वाला मेकअप करें :** नवरात्रि में होने वाली डांडिया नाइट के दौरान सभी महिलायें आकर्षक दिखना चाहती हैं। आप सबसे अलग लुक पाने के लिए चमकीली आखों वाला मेकअप करें। इस मेकअप में आपको अपने चेहरे पर फाउंडेशन, कंसीलर और हल्के रंग का ब्लश लगाना होगा। होठों पर न्यूड या भूरे रंग की लिपस्टिक लगाएं। अब अपनी आखों पर कंसीलर लगाने के बाद उसके ऊपर से किरकिरी वाला आई शैडो लगा लें। नवरात्रि पर सुंदर दिखने के लिए महिलायें ये कपड़े पहन सकती हैं।

**पोशाक के रंगों के अनुसार मेकअप करें :** आप अगर बेहद रंग-बिरंगा लुक चाहती हैं तो अपने लहंगे या पोशाक से मेल खाता मेकअप करें। आपके कपड़ों में जो-जो रंग शामिल हों, उन्हें चुनकर एक शानदार आई लुक तैयार करें। सबसे पहले बेस में कोई हल्का रंग लगाएं, फिर उसके ऊपर कोई चमकीला रंग लगा दें। अंत में किरकिरी वाला आई शैडो लगाएं और काजल और आई लाइनर भी इस्तेमाल करें।

## गीले बालों को सुखाते वक्त एक छोटी सी गलती से घने बाल भी हो जाएंगे पतले

बालों की केयर करने का सबसे पहला व बेसिक स्टेप होता है उसके वॉश करना। इससे स्कैल्प व बालों की गंदगी साफ हो जाती है और बाल अधिक हेल्दी नजर आते हैं। हालांकि, अधिकतर लोग बालों को वॉश करने के बाद उसे सुखाने पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। आपको शायद पता ना हो, लेकिन आप अपने बालों को जिस तरह से सुखाते हैं, इसका भी गहरा असर हेयर हेल्थ पर पड़ता है।

अमूमन लोग यह सलाह देते हैं कि हेयर वॉश करने के बाद ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि हीट के कारण बालों को काफी नुकसान हो सकता है। यकीनन यह सच है। अपने बालों को हवा में सुखाना सबसे आसान और बेहतरीन तरीका माना जाता है। लेकिन अगर आप बालों को हवा में सुखाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां करते हैं तो इससे भी आपको हेयर फॉल हो सकता है और आपके बाल पतले नजर आ सकते हैं। ये गलतियां इतनी छोटी होती हैं कि इन पर हमारा ध्यान ही नहीं जाता है, लेकिन इससे आपके बालों व उसकी हेल्थ पर काफी गहरा असर पड़ता है।




### बालों को जोर-जोर से झटकना

गीले बालों को सुखाते समय की जाने वाली यह एक कॉमन मिसटेक है। अमूमन यह देखने में आता है कि जब हम हेयर वॉश करते हैं तो उसके बाद बालों को सुखाने के लिए तौलिए की मदद से उसे जोर से झटकने लगते हैं। लेकिन इससे हेयर फॉल बहुत अधिक होता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि गीले बाल अधिक नाजुक होते हैं और जोर से झटकने या रगड़ने पर उनके टूटने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में दोमुंहेपन से लेकर पतले बालों की समस्या शुरू हो जाती है।

## साड़ी के ब्लाउज लगेंगे बहुत सुदंर, इन अलग-अलग डिजाइनों को आजमाएं

साड़ी भारतीय महिलाओं की पारंपरिक पोशाक है, जो त्योहार समेत किसी भी अवसर पर पहनी जा सकती है। साड़ी का लुक तब तक पूरा नहीं होता जब तक उसका ब्लाउज सही तरीके से डिजाइन न किया गया हो। आजकल बाजार में कई तरह के ब्लाउज डिजाइन उपलब्ध हैं, जो न केवल सुंदर दिखते हैं बल्कि आरामदायक भी होते हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसे बेहतरीन ब्लाउज डिजाइनों के बारे में जानेंगे, जो आपको स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करवाएंगे।

**गोल गले वाला ब्लाउजः** गोल गले का ब्लाउज एक सदाबहार विकल्प है, जो हर प्रकार की साड़ी के साथ अच्छा लगता है। यह डिजाइन खासकर उन महिलाओं



के लिए उपयुक्त है, जो सरलता और शालीनता को प्राथमिकता देती हैं। गोल गले के ब्लाउज को आप किसी भी प्रकार की कढ़ाई या जरी की कारीगरी से सजाकर और भी आकर्षक बना सकती हैं। इसके अलावा यह डिजाइन गर्मियों में भी आरामदायक रहता है क्योंकि इसमें हवा का प्रवाह अच्छा होता है।

**बैकलेस ब्लाउज :** अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो बैकलेस ब्लाउज एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह डिजाइन खासकर पार्टी या शादी जैसे मौकों पर बहुत अच्छा लगता है। बैकलेस ब्लाउज को आप डोरी, बटन या कढ़ाई से सजाकर और भी खूबसूरत बना सकती हैं या फिर एक पतली पट्टी लगवा सकती हैं। इसके साथ सही साड़ी का चुनाव करें ताकि आपका पूरा लुक आकर्षक लगे।

**हाई नेक ब्लाउज :** हाई नेक ब्लाउज उन महिलाओं के लिए एकदम सही विकल्प है, जो अपने लुक में शाही अंदाज जोड़ना चाहती हैं। यह डिजाइन खासकर सिल्क या बनारसी साड़ियों के साथ बहुत अच्छा लगता है।

### कार्नर न्यूज

## भारतीय पुरुषों के आउटफिट आइडियाज

नवरात्रि का त्योहार भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान हर कोई खास दिखने की इच्छा रखता है। पुरुषों के लिए सही कपड़े चुनना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, इसलिए इस लेख में हम आपको कुछ बेहतरीन और आरामदायक कपड़े के सुझाव देंगे, जिन्हें आप नवरात्रि के दौरान पहन सकते हैं और स्टाइलिश दिख सकते हैं। इन सुझावों से आप अपनी अलमारी को नए अंदाज में भी सजा सकते हैं।

## नवरात्रि के अवसर पर पहनने के लिए पुरुष चुनें ऐसे कपड़े, लगेंगे स्टाइलिश



### कुर्ता-पायजामा पहनें

कुर्ता-पायजामा एक पारंपरिक और आरामदायक विकल्प है। आप हल्के रंगों का चयन कर सकते हैं जैसे सफेद, क्रीम या हल्का नीला। अगर आप अपने इस पारंपरिक लुक में थोड़ी चमक चाहते हैं तो सिल्क या जरी की कारीगरी वाले कुर्ते भी आजमा सकते हैं। पायजामा की जगह धोती भी पहनी जा सकती है, जो आपके लुक को और भी खास बनाएगी। इसके साथ मेल खाते जूते पहनकर आप अपने लुक को पूरा करें।

### नेहरू जैकेट के साथ कुर्ता पहनें

नेहरू जैकेट आपके साधारण कुर्ता-पायजामा को एक शाही अंदाज दे सकता है। इसे पहनने से आपका लुक तुरंत ही बदल जाएगा और आप अधिक आकर्षक दिखेंगे। जैकेट का रंग विपरीत हो तो और भी अच्छा लगेगा, जैसे सफेद कुर्ते पर नीली या हरे रंग की नेहरू जैकेट। इसके साथ मेल खाते जूते पहनकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकते हैं। यह नवरात्रि के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

### शेरवानी लगेगी खूबसूरत

अगर आप सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो शेरवानी एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल पारंपरिक होती है बल्कि बहुत सुंदर भी लगती है। इसे पहनकर आप किसी भी गरबा या डांडिया रात में सबसे अलग दिखेंगे। शेरवानी के साथ आप मेल खाते जूते और पगड़ी भी पहन सकते हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएंगे। इसके अलावा शेरवानी की कढ़ाई और डिजाइन आपके व्यक्तित्व को निखारने में मदद करेगी।



### इंडो-वेस्टर्न स्टाइल पोशाकें लगेंगी सुंदर

इंडो-वेस्टर्न स्टाइल आजकल बहुत चलन में है। इसमें आप पारंपरिक कपड़ों को आधुनिक तरीके से पहन सकते हैं। जैसे धोती पैंट्स के साथ लॉन्ग कुर्ता या फिर जींस के साथ एथनिक जैकेट्स। यह स्टाइल न केवल आरामदायक होता है बल्कि आपको एक नया और अनोखा लुक भी देता है। आप इसे किसी भी नवरात्रि उत्सव में पहन सकते हैं और सबसे अलग दिख सकते हैं। इसके साथ मेल खाते जूते और एक्सेसरीज भी पहनें।

**खूब जंचेगा प्रिंटेड कुर्ता :** प्रिंटेड कुर्ते आजकल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। ये न केवल देखने में आकर्षक होते हैं बल्कि इन्हें कैरी करना भी आसान है। फ्लोरल प्रिंट्स, ब्लॉक प्रिंट्स या फिर ट्राइबल डिजाइन वाले कुर्ते आपके लुक को नया अंदाज देंगे। इसके साथ मेल खाते पायजामा पहनकर आप खास और स्टाइलिश लुक पा सकते हैं।